
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 214 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 12 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अच्छे लोग दूसरों के लिए जीते हैं, जबकि दुष्ट लोग दूसरों पर जीते हैं।

Good People live for others while the bad people live on others.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा अध्यक्ष से संसद में 6 नई भाषाओ में अनुवाद सेवाओ के विस्तार की घोषणा की

**नई दिल्ली (ए)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को संसद में बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, उर्दू और संस्कृत सहित छह नई भाषाओं में अनुवाद सेवाओं के विस्तार की घोषणा की। सदन को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि पहले, अनुवाद सेवाएं हिंदी और अंग्रेजी के अलावा असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु सहित 10 भाषाओं में उपलब्ध थीं। ओम बिरला ने कहा कि अब हमने छह और भाषाओं ङ्क बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, उर्दू और संस्कृत को भी शामिल किया है।

### ब्रिज पहल अंतर्राष्ट्रीय रक्षा और वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से लचीलापन बनाना : राजनाथ

**बेंगलुरु (विश्व परिवार)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद, साइबर अपराध, मानवीय संकट और जलवायु-जनित आपदाओं जैसी चुनौतियों के लिए एकजुट प्रतिक्रिया की आवश्यकता है, क्योंकि ये मुद्दे सीमाओं से परे हैं। बेंगलुरु में एयरो इंडिया में रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए, रक्षा मंत्री ने वैश्विक रक्षा साझेदारी को आकार देने में 'अंतर्राष्ट्रीय रक्षा और वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से लचीलापन निर्माण (ब्रिज) पहल के महत्व पर प्रकाश डाला।

# रायपुर नगरीय निकाय चुनाव में शाम 5 बजे तक 49.55 प्रतिशत मतदान दर्ज



### शाम 4 बजे तक प्रदेश में 68.1 फीसदी मतदान हो चुका था

**रायपूर (विसं)।** शहर की सत्ता के लिए प्रदेश भर में मतदान हुआ। रायपुर में मतदान की रफ्तार धीमी रही। जबकि बाकी निकायों में ठीक-ठाक मतदान होता रहा। शाम 4 बजे तक प्रदेश में 68.1 फीसदी मतदान हो चुका था। प्रदेश के 10 नगर निगमों, 49 नगर पालिकाओं, और 112 नगर पंचायतों में सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ। रायपुर, अंबिकापुर, और चिरमिरी में अपेक्षाकृत मतदान की रफ्तार धीमी रही।

रायपुर नगरीय निकाय चुनाव में शाम 5 बजे तक 49.55 प्रतिशत मतदान दर्ज किया है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 नगरपालिका निगम रायपुर के मतदान दल सफलतापूर्वक मतदान कार्य संपन्न कराकर वापस लौट रहे हैं। अभी तक शंकर नगर, श्याम नगर, तेलीबांधा, कटोरा तालाब स्थित मतदान केंद्रों से मतदान दल पहुंच चुके हैं। शंकर नगर, कटोरा तालाब तेलीबांधा सहित अन्य जगह से मतदान कराकर मतदान दल लौटा।

छत्तीसगढ़ में नगर सरकार चुनने के लिए मतदान खत्म होने के बाद मतदान कर्मियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। सभी मतदान केंद्रों से ईवीएम मशीनों को सुरक्षित स्ट्रांग रूम तक पहुँचाया जा रहा है। राजधानी में सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज को स्ट्रांग रूम के रूप में तैयार किया गया है, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम जमा की जा रही हैं। अभी तक शंकर नगर, श्याम नगर, तेलीबांधा, कटोरा तालाब स्थित मतदान केंद्रों से मतदान दल पहुंच चुके हैं।

मतदान कर्मियों ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और लोगों में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। कई स्थानों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे मतदान प्रतिशत संतोषजनक रहा। हालांकि, कुछ केंद्रों पर हल्की दिक्कतें आईं, लेकिन उन्हें तत्काल हल कर दिया गया। उप निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि सभी सेक्टर अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं और मतदान दलों की वापसी सुनिश्चित की जा रही है। स्ट्रांग रूम के आसपास 100 मीटर की परिधि में सुरक्षा घेरा बनाया गया है और इसे नो एंट्री ज़ोन घोषित कर दिया गया है। दो परतों में सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जिसमें सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के साथ CCTV निगरानी भी रखी जा रही है।

गौरतलब है कि मतदान दलों के सुरक्षित लौटने के बाद स्ट्रांग रूम को नियमानुसार सील कर दिया जाएगा। 15 फरवरी को मतगणना के दिन सुबह निर्धारित प्रक्रिया के तहत सील खोली जाएगी और मतगणना कार्य शुरू होगा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जताया मतदाताओं का आभार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय चुनाव ङ्क 2025 के अंतर्गत आज छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मतदाताओं का आभार जताया है। सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल- पर लिखा कि ङ्क आज नगरीय निकाय चुनाव ङ्क 2025 के अंतर्गत प्रदेश के नगर पालिक निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मतदान में सामने आए रुझानों से पता चल रहा है कि जनता ने अटल विश्वास पत्र के संकल्प पर पूर्ण विश्वास करते हुए, नगरीय निकायों के समुचित विकास की संकल्पना में हमारा साथ दिया है। जिसकी बदौलत भारतीय जनता पार्टी प्रचंड विजय हासिल करेगी। लोकतंत्र के इस महोत्सव में सहभागी सभी सम्मानित मतदाताओं का हार्दिक आभार। आपके एक वोट ने 'विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण के संकल्प को संबल प्रदान किया है। गौरतलब है कि आज प्रदेश के नगर पालिक निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में मतदान संपन्न हुआ।

# राजिम कुंभ कल्प का भव्य आयोजन 12 से 26 फरवरी तक, राज्यपाल डेका करेंगे शुभारंभ

### आस्था, संस्कृति और आध्यात्म का त्रिवेणी संगम है राजिम कुंभ

### कुंभ में पधारेंगे देशभर से साधु-संत और श्रद्धालु



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध राजिम में माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक आयोजित होने वाले राजिम कुंभ कल्प 2025 की भव्य तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस वर्ष का आयोजन 12 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक होगा। नया मेला स्थल चौबे बांधा, राजिम में लगभग 54 एकड़ में यह भव्य मेला लगेगा। राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में 12 फरवरी को इस पवित्र मेले का शुभारंभ करेंगे। उनके साथ विशिष्ट संत महापुरुषों की उपस्थिति इस आयोजन को और भी दिव्य बनाएगी।

राजिम कुंभ कल्प की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में पहचान बनी है। इस आयोजन से सांस्कृतिक समृद्धि, धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। इस बार के मेले में विशाल संत समागम, यज्ञ, प्रवचन, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण होंगे।

इस वर्ष के राजिम कुंभ कल्प में देशभर के संत, महंत और आध्यात्मिक गुरु अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। शुभारंभ समारोह में शंकराचार्य आश्रम रायपुर के दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ जी महाराज, दूधाधारी मठ रायपुर के राजेश्री महंत श्री रामसुंदर दास जी महाराज, संत श्री विचार साहेब जी महाराज (श्री कबीर संस्थान, रायपुर), स्वामी डॉ. राजेश्वरानंद जी महाराज (सुरेश्वर महादेव पीठ, रायपुर) सहित अनेक संतों की उपस्थिति इस धार्मिक आयोजन की गरिमा को और बढ़ाएगी।

# इंडिया एनर्जी वीक 2025 में मोदी ने कहा- भारत विकास और पर्यावरण दोनों को समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा के दौरान वर्चुअली 'इंडिया एनर्जी वीक 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है। भारत केवल अपनी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की विकास यात्रा को गति दे रहा है, और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाएं पांच स्तंभों पर आधारित हैं। संसाधनों का कुशल दोहन, नवाचार को बढ़ावा, मजबूत अर्थव्यवस्था और स्थिर राजनीतिक स्थिति, रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और वैश्विक स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता। पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता जोड़ने, भारतीय रेलवे को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाने और हर साल 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रख रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये लक्ष्य महत्वाकांक्षी लग सकते हैं, लेकिन पिछले 10 वर्षों में भारत ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की क्षमता को दर्शाती हैं।

प्रधानमंत्री ने भारत की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने पिछले 10 वर्षों में दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है।

# 'रायपुर नगर निगम में कांग्रेस का कुशासन खत्म, भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है'



### सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक राजेश मूणत ने उत्साहपूर्ण मतदान के लिए जनता-जनार्दन का आभार माना

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद और रायपुर नगर निगम चुनाव के संयोजक बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक व रायपुर नगर निगम चुनाव सह-संयोजक राजेश मूणत ने नगरीय निकाय चुनाव में स्वस्फूर्त मतदान करने के लिए राजधानी की जनता-जनार्दन का आभार व्यक्त किया है। श्री अग्रवाल और श्री मूणत ने कहा कि मंगलवार को नगरीय निकाय के लिए हुए मतदान ने यह साफ संदेश दे दिया है कि रायपुर नगर निगम में पिछले 15 वर्षों के कांग्रेस का कुशासन खत्म हो चुका है और भाजपा शानदार व ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। रायपुर दक्षिण के उपचुनाव की तरह ही भाजपा रायपुर नगर निगम में भी अपनी शानदार जीत का रिकॉर्ड बनाएगी।

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक राजेश मूणत ने मतदान के प्रति अभूतपूर्व उत्साह के लिए जनता का आभार माना और कहा कि मतदान के प्रति यह उत्साह और उमंग 'अटल विश्वास पत्र' में व्यक्त भाजपा के संकल्पों और मोदी की गारंटी पर मुहर है। यह प्रदेश की मातृङ्कशक्ति का भाजपा के प्रति विश्वासपूर्ण अनुग्रह का परिचायक है। रायपुर में शहर-सरकार बनते ही भाजपा अपने संकल्प पत्र पर पूरी ईमानदारी के साथ अमल करेगी।

बृजमोहन अग्रवाल व राजेश मूणत ने कहा कि मतदान के प्रति यह जागरुकता राजधानी को सँवारने के हमारे संकल्पों की बुनियाद सिद्ध होने जा रही है। परिवर्तन की लहर पूरे प्रदेश के साख ही राजधानी में भी महसूस की जा रही थी, जिसमें कांग्रेस और कांग्रेस के भ्रष्ट, कमीशनखोर महापौरों व अध्यक्षों समेत निकायों में कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों का राजनीतिक तम्बू उखड़ने जा रहा है।

# कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने आनंद समाज वाचनालय मतदान केंद्र में किया मतदान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर में कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने आनंद समाज वाचनालय मतदान केंद्र में वोटिंग की। बता दें कि रायपुर नगर निगम चुनाव के लिए आज सुबह 8 बजे से वोटिंग जारी है। मेयर के लिए 16 और 70 वार्ड पार्षद के लिए 306 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। अहम मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। भाजपा की मेयर प्रत्याशी मीनल चौबे ने चंगोराभाटा स्थित मतदान केंद्र में वोट डाला। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने भी मतदान किया।

सोमवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने मतदान दल के कर्मचारियों को नींबू-पानी पिलाकर और गुलाब के फूल देकर वोटिंग सेंटर्स भेजा था। रायपुर में 104 सेक्टर ऑफिसर और जिले भर में 136 सेक्टर ऑफिसर हैं। रायपुर में कुल मतदाताओं की संख्या 10 लाख 36 हजार 118 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 5 लाख 18 हजार 954 और महिला मतदाताओं की संख्या 5 लाख 16 हजार 908 है। तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 256 है।


# भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने चांगोरभाटा स्थित स्कूल में किया अपने मताधिकार का प्रयोग, भाजपा की जीत का जताया भरोसा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश की राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हुआ. रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में मतदान शाम 5 बजे तक चला। वहीं, रायपुर नगर निगम के महापौर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने राजधानी के चांगोरभाटा स्थित स्कूल पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

भाजपा महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले 15 सालों से रायपुर नगर निगम में कांग्रेस की सरकार ने केवल भ्रष्टाचार किया है. ऐसे में अब रायपुर नगर निगम में भाजपा के महापौर होने से शहर का समुचित विकास होगा और एक नया सूरज खिलेगा। माहौल भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में है. पहले पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा. बस कमल खिलने को तैयार है. 15 वर्षों के बाद शहर की सरकार कमल की सरकार रहेगी। पिछले 10 दिनों तक प्रचार को लेकर उन्होंने कहा कि लगातार 10 दिनों तक मैं जनता के पास पहुंचने का प्रयास किया है. जनता का प्रेम और आशीर्वाद मुझे मिला है. मातृ शक्ति प्रसन्न और अभिभूत है. वोटर भाजपा को वोट देने के लिए तैयार बैठे हैं. मैं लगातार 15 वर्षों तक नगर निगम में संघर्ष की हूं. इसके साथ ही भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई है. जनता के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है. इसलिए मुझे सब वोट देने के लिए तैयार बैठे हैं। मीनल चौबे ने कहा कि नगर निगम रायपुर के मूल दायित्व के अलावा मेरी प्राथमिकता रहेगी कि महिलाओं को सशक्त बनाने, महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए, महिलाओं को साक्षर बनाने के लिए काम करती रहूं।

भाजपा विधायक सुनील सोनी ने किया मतदान : रायपुर दक्षिण के भाजपा विधायक सुनील सोनी ने परिवार सहित राजधानी के महाराणा प्रताप स्कूल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया. मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पार्षद और महापौर सबसे बड़ी कड़ी होती है।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया नमन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन राष्ट्रसेवा, अंत्योदय और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि अंत्योदय का संकल्प हमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, सेवा और समाज कल्याण को समर्पित रहा। पंडित दीनदयाल जी की विचारधारा हमें छत्तीसगढ़ को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

### दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जेआरडी स्कूल के मतदान केंद्र में वोट डाला



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** दुर्ग कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जेआरडी स्कूल के मतदान केंद्र में वोट डाला। बूथ संख्या 120 में वोट डालने के बाद वह मतदान केंद्र के बाहर आये और उंगली पर लगी स्याही को दिखाया।उन्होंने निगम शहर क्षेत्र के नागरिको से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करें।

### सन्ना में मिट्टी परीक्षण शिविर का आयोजन, साइटोलाइफ की टीम ने वैज्ञानिक उन्नत कृषि का तरीका बताया



**सन्ना ( विश्व परिवार )।** जशपुर जिले सन्ना में मिट्टी परीक्षण शिविर लगाया गया। इस केंप में लगभग सैकड़ों किसान शामिल हुए। यह शिविर जैन कृषि केंद्र, एवं साइटोलाइफ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। जिसमें मुंबई की साइटोलाइफ के प्रशिक्षित टीम के द्वारा किसानों को वैज्ञानिक उन्नत कृषि का तरीका बताया। इस दौरान उन्होंने मिट्टी परीक्षण कर खेती का पैदावर बढ़ाने व उन्नत किस्म की दवाईयों की जानकारी दी। जैन कृषि केंद्र के संचालक गुड्डू जैन ने ऐसा कैंप लगाते रहने का आग्रह किया। इस कैंप साइटोलाइफ के अधिकारियों तथा वैज्ञानिकों मौजूद रहें।

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान

**राजनांदगांव ( आरएनएस )।** कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा आज दिनांक 11.02.2025 को मतदान केंद्र कमला देवी राठी गर्ल्स कॉलेज राजनांदगांव पहुंच कर मतदान किया। उन्होंने आम मतदाता की तरह कतार में लग कर अपनी बारी आने पर मतदान कक्ष में प्रवेश किया एवं सभी औपचारिताओं को पूरा करने के बाद ईव्हीएम से मतदान किये। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होने कहा कि वोट देने का अधिकार महत्वपूर्ण अधिकार है और इस अधिकार का हमेशा उपयोग करना चाहिए। जिले के शतप्रतिशत मतदाता मतदान करें।

## छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति को जीवित रखना हम सबका दायित्व : भूपेश बघेल

**गनियारी लोक कला महोत्सव के समापन एवं सम्मान समारोह में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री**




**भिलाई ( विश्व परिवार )।** गुरु घासीदास कला एवं साहित्य विकास समिति के द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से गनियारी लोक कला महोत्सव के समापन एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गनियारी लोक कला महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि 16 वर्षों तक लोक कला महोत्सव का आयोजन करना बहुत कठिन काम होता है लेकिन निर्मल कोसरे एवं उनके साथियों ने छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को जीवित रखने का जो प्रयास किया है उसके लिए बधाई के पात्र हैं। छत्तीसगढ़ की पहचान हमारी लोक कला संस्कृति से हैं जिसको जीवित रखना हम सब का दायित्व है। गनियारी जैसे छोटे से गांव में इतना बड़ा लोक कला महोत्सव करना काफी कठिन काम है लेकिन समिति के साथियों के परिश्रम एवं ग्राम वासियों के सहयोग से यह सफल हो पाया है। हमने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, यहां के तीज-त्यौहार, खेलकूद, खान- पान को संरक्षित रखने का प्रयास किया, जिसके चलते न केवल शहरों में अपितु ग्रामीण अंचलों में भी छत्तीसगढ़ के संस्कृति की छटा नजर आती है। छत्तीसगढ़ के पंथी, पंडवानी, करमा, ददरिया, सुआ, राउत नृत्य जैसे विधाओं ने भारत के साथ विश्व में अपना लोहा मनवाया है। हमने 5 सालों तक अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया। हरेली, तीजा, कर्मा जयंती पर छुट्टी घोषित किया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से छत्तीसगढ़ के परंपराओं को जीवित रखने का प्रयास किया।

समिति के अध्यक्ष एवं नगर निगम भिलाई चरोदा के महापौर श्री निर्मल कोसरे ने कहा कि महोत्सव आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ लुप्त होती छत्तीसगढ़ की लोक विधाओं को जीवित रखना है।

विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र साहू एवं सुजीत बघेल ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने गनियारी लोक कला महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं 2013 में भी इस महोत्सव में शामिल हुआ था तब छोटे स्तर में आयोजन होता था लेकिन 16 वर्षों में गनियारी लोक कला महोत्सव ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना लिया है। पद्मश्री डॉ आर एस बारले एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सीता साहू ने भी कार्यक्रम का सराहना किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम- आदर्श बाल जस झांकी परिवार बोदल जिला बालोद, कुमारी हेमलता पटेल के भरथरी, कुमारी मिथलेश्वरी सेन के रामायण, सत्य के प्रचार पंथी मंडली पिटौरा जिला दुर्ग, जय श्री गणेश फाग मंडली भटगांव जिला धमतरी, अबूझ माडिया गौर नृत्य खरगोन नारायणपुर, सुर भैया गोरेलाल बर्मन एवं विवेक शर्मा नाइट ने रात भर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया।

सम्मान समारोह- इस अवसर पद्मश्री डॉ आर.एस. बारले, लीलागर सिंह वर्मा, अप्पल नायडू, दास मनोहर, ध्रुव कुमार मारकंडे, बुटलू राम माथरा, कुमारी हेमलता पटेल का मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में महापौर निर्मल कोसरे, धर्मेंद्र कोसरे, गौरी बंजारे, राजू लहरे, हेमंत कोसरे, धन सिंह कोसरे, हेमचंद कोसरे, सबल बंधे, सोनू बंजारे, चिनेश कोसरे, राहुल टंडन, आकाश टंडन, शुभम कोसरे, जितेंद्र बंजारे, विजय लहरे, हीरामन टंडन हर्ष गायकवाड, यमन कोसरे, प्रेमलाल साहू, गणेश यादव, पुरानिक ठाकुर, रमेश ठाकुर, चंद्रशेखर साहू, बिसौहा वर्मा, राम रतन रिगरी, विजय रिगरी, चैतराम रिगरी, हीरा सिंह ठाकुर, भोलाराम साहू, लता ठाकुर, पूजा ठाकुर, सुधा यादव, सीमा ठाकुर, ललित गोस्वामी, नैना पारधी, गोपाल वर्मा, रेवा ठाकुर, योगिता वर्मा, रमा वर्मा, निर्मला जोशी आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम कुंभ कल्प के स्वागत के लिए तैयार : मुख्यमंत्री

**शिवरीनारायण मेलाः मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से आस्था पर्व में सहभागिता की अपील की**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को राजिम कुंभ कल्प और शिबरीनारायण मेले की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 12 फरवरी से महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर प्रारंभ हो रहा राजिम कुंभ कल्प न केवल छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है, बल्कि इसकी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का जीवंत संगम भी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजिम, जिसे %छत्तीसगढ़ का प्रयाग% कहा जाता है, सदियों से श्रद्धालुओं और संत समाज के लिए आस्था का केंद्र रहा है। राज्य सरकार ने राजिम माघी पुन्नी मेले को पुनः उसके मूल स्वरूप में प्रतिष्ठित करते हुए ''राजिम कुंभ कल्प' का नाम दिया है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण व संवर्धन का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम कुंभ कल्प के स्वागत के लिए तैयार है। राजिम कुंभ कल्प में संत-समागम, धार्मिक प्रवचन, लोक संस्कृति के विविध रंग और आध्यात्मिक चेतना की अनूठी झलक देखने को मिलेगी। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ आसपास के राज्यों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर शिवरीनारायण में महानदी, शिवनाथ और जोंक नदी के पावन संगम पर मेले का आयोजन होता है, जो श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। राजिम कुंभ कल्प और शिवरीनारायण मेला न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये आयोजन प्रदेश की समृद्ध परंपराओं और आध्यात्मिक चेतना को सशक्त करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने इन आस्था पर्वो में श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान करते हुए सभी के लिए सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की है।

## नगर निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारी प्रतिदिन भ्रमण का फोटोग्राफ लोकेशन के साथ निगम के एक्टीविटी ग्रुप में करेंगे शेयर



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी कार्यो में निरंतरता लाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रतिदिन किसी भी जोन में जाकर निरीक्षण हेतु भ्रमण कर रहे है। संबंधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे है। प्राप्त आदेशानुसार फिल्ड के सभी अधिकारी/ कर्मचारी जो भी उनको दायित्व मिला है। अपने कार्य के क्षेत्रों में भ्रमण करेगे, निरीक्षण के दौरान लोकेशन के साथ फोटोग्राफ भी डालेगे। क्या कार्य हो रहा है, कितना प्रगति हुआ है, समय सीमा के अंदर है, या बाहर, गुणवत्ता इत्यादि के बारे में सभी कार्यो का प्रगति के साथ गुगलशीट में अपलोड करेगें।

आयुक्त पाण्डेय द्वारा प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक लिया जाता है। जिसमें सभी अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की जायेगी। सभी अधिकारी कर्मचारी जब फिल्ड में रहेगे, तो संबंधित एजेंसी भी अच्छे से कार्य करेगी। एक सकारात्मक दबाव रहेगा। प्रमुख रूप से साफ-सफाई, निर्माण, उद्यान, परियोजना, जल वितरण, संपत्तिकर, भू-भाटक, जलकर, आदि से संबंधित सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों के साथ कार्य करते हुए प्रतिदिन का फोटोग्राफ निगम के एक्टीविटी ग्रुप में शेयर करेगें।

इसमें चीफ इंजीनियर, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, राजस्व अधिकारी, जोन सहायक राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सुपरवाईजर, सभी अभियंतागण, शहरी अजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, मोर संगवारी, आयुष्मान कार्ड, भवन अनुज्ञा, वाहन शाखा, अवैध निर्माण, उद्यान, शहरी अजीविका मिशन के मिशन मैनेजर, सी.ओ., तोड़फोड़, आवारा पशु पकड़ने वाले इत्यादि अन्य कार्यों के लिए प्राप्त निर्देशानुसार शामिल रहेगे।

## नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 : लोकतंत्र में सहभागिता निभाने मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

**अपरान्ह 5 बजे तक 71.31 प्रतिशत मतदान,जिले में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न**



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** जिले के 8 नगरीय निकाय के 181 मतदान केंद्र में मंगलवार 11 फ़रवरी 2025 को अध्यक्ष व पार्षद पद के निर्वाचन के लिए मतदान हुआ जिसमें युवा, बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाने उत्साह दिखाया। मतदान प्रातः 8 बजे प्रारम्भ हुआ।

मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की कतार लग गई थी। मतदान के लिए निर्धारित अंतिम समय अपरान्ह 5 बजे तक जिले के 8 नगरीय निकायों में प्रतिशत 71.31 प्रतिशत मतदान रहा। सर्वाधिक मतदान अनंतिम आंकड़े के अनुसार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में 68.42 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद भाटापारा में 66.08 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद सिमगा में 81.73 प्रतिशत, नगर पंचायत पलारी 86.48 में प्रतिशत, नगर पंचायत रोहांसी में 75.25प्रतिशत, नगर पंचायत लवन में 80.44 प्रतिशत, नगर पंचायत कसडोल में 67.40 प्रतिशत एवं नगर पंचायत टुंडरा में 78.42 प्रतिशत मतदान हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, नगर पंचायत लवन एवं कसडोल अंतर्गत मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही सभी नगरीय निकायों के रिटर्निंग अधिकारियों से पल-पल क़ी जानकारी लेते रहे। शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी नगरीय निकाय में में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।सभी 181 मतदान केंद्रों में मतदान दल में संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी और स्कॉउट-गाईड,एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में, तो कहीं पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ उनकी मदद क़ी।

## मुख्यमंत्री साय से गोवा के विधानसभा अध्यक्ष तावड़कर ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज शाम यहां उनके निवास में गोवा के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमेश बी. तावड़कर ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

## सनातन धर्म के उत्थान और सामाजिक जागरूकता में गहिरा गुरु संत समाज की है महत्वपूर्ण भूमिका : विष्णुदेव साय

**ग्राम गहिरा में श्री विष्णु महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री, सामूहिक विवाह में नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र स्थित ग्राम गहिरा के संत गहिरा गुरु आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने परम पूज्य गहिरा गुरु जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया और श्री विष्णु महायज्ञ में सम्मिलित होकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने संत गहिरा गुरु जी के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ग्राम गहिरा से उनका गहरा आत्मीय संबंध रहा है, यह पूज्य संत गहिरा गुरु जी की जन्मस्थली और एक पवित्र धाम है। उन्होंने स्मरण किया कि पहली बार रायगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने का सौभाग्य भी उन्हें इसी पवित्र भूमि के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में सांसदों को अपने क्षेत्र के किसी एक गांव को गोद लेकर विकास कार्य करने के लिए कहा गया था, तब उन्होंने ग्राम गहिरा को चुना और यहां विकास कार्य किए, हालांकि कुछ कार्य अधूरे रह गए थे। मुख्यमंत्री के रूप में पुनः ग्राम गहिरा आने पर उन्होंने कहा कि शायद यह उन्हीं अधूरे कार्यों को पूरा करने का अवसर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने गहिरा गुरु संत समाज द्वारा सनातन धर्म और सामाजिक उत्थान में किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब जनजातीय समुदाय में धर्मांतरण, सामाजिक बुराइयाँ और व्यसन बढ़ रहे थे, तब संत गहिरा गुरु जी ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया, गांव-गांव में यज्ञ कराए, रामचरितमानस के पाठ करवाए और समाज को आध्यात्मिक रूप से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज यह संस्था पूरे प्रदेश में सनातन धर्म को सुदृढ़ करने, समाज को जागरूक करने और संस्कृत की शिक्षा को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस बात की भी प्रशंसा की कि संस्था के माध्यम से जनजातीय समुदाय के बच्चे संस्कृत में अध्ययन कर रहे हैं और सनातन संस्कृति के संवर्धन में एक सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय व महाविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्षों के वनवास का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया था, जिसके प्रमाण आज भी प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर विद्यमान हैं। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ के लिए प्रदेशवासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के ठहरने की संपूर्ण व्यवस्था छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में सतत विकास और सुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे प्रत्येक नागरिक को समृद्धि और सुशासन का लाभ मिले। मुख्यमंत्री श्री साय ग्राम गहिरा में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए और नवविवाहित जोड़ों से परिचय प्राप्त कर उन्हें मंगलमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

## एनआईटी रायपुर में एनईपी 2020 एंड चेलेन्जेस, प्रोस्पेक्टस एंड फ्यूचर डायरेक्शन्स फॉर दिव्यांगजन विषय पर एक दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का किया गया आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के हुमेनिटिस एंड सोशल साइंस विभाग (डीएचएसएस) ने 10 फरवरी 2025 को इंडियन कौंसिल ऑफ़ सोशल साइंस रिसर्च, न्यू दिल्ली प्रायोजित एनईपी 2020 एंड चेलेन्जेस, प्रोस्पेक्टस एंड फ्यूचर डायरेक्शन्स फॉर दिव्यान्जन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक (प्रभारी) डॉ. ए.बी. सोनी उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के डॉ. उज्ज्वल जना, डीएचएसएस के विभागाध्यक्ष डॉ. समीर बाजपेयी, फैकल्टी मेम्बर्स और प्रतिभागी भी मौजूद रहे।

सबसे पहले डॉ. संदीप सरकार ने इस कार्यक्रम का सार प्रस्तुत किया, और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. समीर बाजपेयी ने आयोजन टीम को इस कार्यक्रम के लिए बधाई दी और एनईपी 2020 के दिव्यांगजनों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। उन्होंने नीति निर्देशन, साहित्य अध्ययन और दिव्यांगजनों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने की बात की, जिससे एनईपी 2020 के माध्यम से एक बेहतर और अधिक समावेशी समाज बनाने में योगदान मिलेगा।

डॉ. ए.बी. सोनी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एनईपी का उद्देश्य विशेष शिक्षक प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करके, विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करना, केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग सुनिश्चित करना और उचित बुनियादी ढांचे के साथ स्कूलों का विकास करके उत्तम शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि कैसे एनईपी छात्र-केंद्रित, और रचनात्मक माहौल को बढ़ावा देकर, विशेष रूप से प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में आधुनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा को बदलने का प्रयास करता है। हाइब्रिड मोड में दिन भर चले इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने पेपर प्रस्तुत किये। इस अद्भुत सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**निविदा सूचना सं.:** एसएनटी-आर-2025-02
दिनांक: 07.02.2025
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में वीओआईपी आधारित ट्रेन नियंत्रण संचार प्रणाली का प्रावधान।
**निविदा मूल्य:** 2,02,08,665.38,
**ईएमडी:** ₹ ₹2,51,100.00,
**कार्य पूर्णता की अवधि:** 09 (नौ) महीने।
**निविदा सूचना सं.:** एसएनटी-आर-2025-03
दिनांक: 07.02.2025
**कार्य का नाम:** सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्य का निष्पादन: **(1)** बिलासपुर-दुर्ग: बिलासपुर - दुर्ग CTR (S) - 13.393 TKM और रायपुर-लखोली - CTR (S) 18.659 TKM। **(2)** बिलासपुर-दुर्ग-TTR (CMSC) - 37 सेट, TTR (TWS) - 21 सेट और TTR (CS) - 41 सेट। **(3)** हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन में बेल्हा-दगोरी सेक्शन के बीच कि.मी. 734/25-27 पर मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या 373 (बेल्हा यार्ड) के स्थान पर कि.मी. 734/33-735/35ए पर RUB (FHS) का लागत साझाकरण के आधार पर निर्माण। **(4)** रायपुर डिवीजन के MNDH-LAE स्टेशन के बीच किमी 27/1-2 पर नियंत्रण रेखा संख्या आरवी-20 के स्थान पर RUB का निर्माण। **(5)** रिसेप्शन यार्ड BMY में पाथवे का निर्माण और प्रकाश सुविधा में सुधार। **(6)** हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन में भिलाई-भिलाई पावर हाऊस सेक्शन के बीच मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग नंबर 440 के बदले में 855/7-9 किमी पर RUB का निर्माण।
**निविदा मूल्य:** ₹ 2,88,21,381.28,
**ईएमडी:** ₹2,94,100.00,
**कार्य पूर्णता की अवधि:** 12 (बारह) महीने।
बिडर्स अपना मूल/संशोधित बिड्स केवल दि. **06.03.2025** को **15.00** बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल ऑफर्स स्वीकार नहीं होंगे। विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।
**मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता,**
PR/R/S&T/FL/240 **द.पू.म. रेलवे, रायपुर**
South East Central Railway @secrail

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### सास-बहू की जोड़ी ने निभाई मतदान की जिम्मेदारी

**अंबिकापुर**/नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत आयोजित मतदान प्रक्रिया में नगर निगम पालिका के मल्टीपरपज स्कूल स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 86 पर एक अनूठी जोड़ी ने मतदान कर लोकतंत्र की मिसाल पेश की। 70 वर्षीय श्रीमती बेला देवी ने अपनी बहू श्रीमती अनिता कन्हैया के साथ मतदान कर अपनी नागरिक जिम्मेदारी निभाई। श्रीमती बेला देवी ने बताया कि वह पिछले कई दशकों से लगातार मतदान कर रही हैं और इस बार भी उन्होंने अपनी बहू के साथ मिलकर लोकतंत्र के महत्वपूर्ण प्रक्रिया में भाग लिया है। उन्होंने कहा, 卐मतदान हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। हमें अपने वोट का सही उपयोग करना चाहिए ताकि अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सकें। उनकी बहू श्रीमती अनिता कन्हैया ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 卐मैं हमेशा से अपनी सास के साथ मतदान करने की प्रेरणा लेती हूं। उनका अनुभव और समर्पण मेरे लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने ने कहा कि हमने मतदान कर समाज और लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई हैं। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई, और श्रीमती बेला देवी और श्रीमती अनिता कन्हैया जैसे मतदाताओं ने लोकतंत्र की मजबूती में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

### वेस्टर्न डिजिटल ने शैक्षणिक संस्थानों में सीसीटीवी स्टोरेज संभालने के लिए महत्वपूर्ण समाधान पेश किए

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** सीसीटीवी शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा बढ़ाने में एक अहम भूमिका निभाते हैं। बड़े शिक्षा परिसरों के विशाल सर्विएलेंस नेटवर्क में लगातार रिकॉर्डिंग करने, डेटा को सुरक्षित रूप से स्टोर करने, और फुटेज तुरंत प्राप्त करने के लिए प्रभावशाली स्टोरेज समाधान बहुत आवश्यक होते हैं। डब्लूडी पर्पल प्रो की हार्ड डिस्क ड्राइव 24/7 रिकॉर्डिंग करते रहने के लिए बनाई गई हैं। ये हाई कैपेसिटी के साथ विश्वसनीयता भी प्रदान करती हैं। ऑलफ्रेम टेक्नोलॉजी वाली ये ड्राइव वीडियो प्लेबैक बढ़ाकर फ्रेम लॉस को कम करती हैं, जिससे संचालन सुगम बनता है। आउटडोर कैमरे बाहर लगे होते हैं, जो अत्यधिक खराब मौसम को भी झेलते हैं, ऐसे में डब्लूडी पर्पल एससी अल्ट्रा एंड्योरेंस माईक्रो एसडी कार्ड जैसे टिकाऊ समाधान भरोसेमंद परफॉर्मेंस प्रदान करते हैं, जिनके लिए मेंटेनेंस की जरूरत भी बहुत कम होती है। वेस्टर्न डिजिटल के डायरेक्टर सेल्स, एमईए एंड इंडिया, ओवेस मोहम्मद ने कहा, ''शैक्षणिक संस्थान अपने परिसरों में विस्तृत सर्विएलेंस सिस्टम्स का उपयोग कर रहे हैं, इसलिए ऐसे स्टोरेज समाधान बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं, जो लगातार काम करते रहने और विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए बनाए गए हों।'' उन्होंने बताया, ''हमारा डब्लूडी पोर्टफोलियो इन जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। ये ड्राइव चरम परिस्थितियों में भी लगातार रिकॉर्डिंग कर सकती हैं। ये अत्यधिक टिकाऊ हैं, और परिसरों को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग कर सकती हैं।'' 64 सिंगल स्ट्रीम कैमरों तक को सपोर्ट करने और एआई एनालिटिक्स की क्षमता के साथ, डब्लूडी पर्पल प्रो हार्ड डिस्क ड्राइव की मदद से संस्थान अनेक फीड्स को प्रभावी तरीके से संभाल सकते हैं तथा परिसर की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक जानकारी निकाल सकते हैं।

### जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आए दो लोगों सहित पांच लोग कुत्ते ने काटने से घायल

**अम्बिकापुर।** लखनपुर क्षेत्र में इन दिनों कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। ग्राम अंधला में जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आए दो लोगों सहित पांच लोग कुत्ते के हमले घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार हेतु लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया यहां उपचार के बाद वह अपने घर लौटे हैं। घटना के बाद से क्षेत्रवासी भय का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को मिली जानकारी के मुताबिक जगमोहन उम्र 45 वर्ष जरहाडीह रघुनाथपुर निवासी,लाल साय पिता स्वर्गीय घूरन 29 वर्ष रेवापुर राजपुर निवासी जो जन्मदिन कार्यक्रम में लखनपुर क्षेत्र के ग्राम आंध्र में रिश्तेदार क्या आए हुए थे सोमवार के शाम पागल कुत्ते के काटने से दोनों घायल हो गए।तो वही जनेश पिता खिलावन दास 10 वर्ष ग्राम अंधला निवासी, बबीता राठिया पिता इतवार राठिया जिला रायगढ़ निवासी को भी पागल कुत्ते ने ग्राम अंधला में काट लिया रियांश पिता शिव दर्शन 6 वर्ष ग्राम रजपुरीकला निवासी जो घर के बाहर खेल रहा था इसी दौरान पागल कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीण क्षेत्र में एक ही दिन में कुत्ते के काटने से पांच लोग घायल हो गए थे सभी घायलों को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल लाया गया था जहां डॉक्टरों के द्वारा मलहम पट्टी के बाद रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया था सभी घायल उपचार के बाद अपने घर लौटे है।

# सूरजपुर जिला नगरीय निकायों में 65 .32 प्रतिशत मतदान शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ





## सबसे ज्यादा सूरजपुर नगरपालिका में 76. 8 प्रतिशत एवं प्रतापपुर में 76.7त्न मतदान हुआ मतदान हुआ

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**–सूरजपुरजिले के नगर वासियों ने क्षेत्र की चहुंमुखी विकास के लिए आज नगरी निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका परिषद सूरजपुर, नगर पंचायत बिश्रामपुर, जरही, भटगांव व प्रतापपुर में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में आज प्रात: 8:00 बजे से शाम 5 बजे तक हुए मतदान में प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार 65.32 प्रतिशत मतदान के साथ जिले के सभी नगरीय निकायों के मतदान केंद्रों पर, मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से संपन्न हुई। मतदान करने पहुंचे मतदाताओ ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

गौरतलब है कि मत देने आए सभी वर्गों के मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान नगर विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने बड़ी संख्या में दिव्यांग मतदाताओ ने भी अपना मताधिकार का प्रयोग किया साथ ही मतदान के प्रति जिले के वोटरों को जागरूकता का संदेश भी दिया।

वोटिंग के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर एवम जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री प्रणव सिंह द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान की विस्तु स्थिति का जायजा लिया गया।

मतदाताओं के सुविधा के लिए सूरजपुर, विश्रामपुर, प्रतापपुर इत्यादि स्थानों पर आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किये गए थे। जहां आने वाले मतदाताओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई थी। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों में सेल्फी बूथ स्थापित किये गए थे। जो की युवा वर्ग के लिए खासा आकर्षण का केंद्र था।

मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात सभी ईवीएम मशीनों को निर्धारित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित संधारित किया गया है। जिसकी गणना हेतु निर्धारित तिथि 15 फरवरी सुनिश्चित है।

**सबसे ज्यादा मतदान सूरजपुर नगरपालिका एवं प्रतापपुर नगर पंचायत में रहा–** नगरीय निकाय चुनाव प्रतिशत पर नजर डालें तो सबसे ज्यादा नगर पालिका सूरजपुर में पुरुषों ने 79.4 प्रतिशत एवं महिलाओं ने 72.91त्न अपने मताधिकार का उपयोग किया ,यहां कल 76.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया ,इसी प्रकार प्रतापपुर नगर पंचायत में 76.7 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें महिलाओं ने 72.91त्न एवं पुरुषों ने 79.4 प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग किया इसी तरह विश्रामपुर में पुरुषों ने 53.5त्न एवं महिलाओं ने 53. 2त्न अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा रही नगर पंचायत में पुरुषों ने 31.76 प्रतिशत एवं महिलाओं ने 61.36 प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग किया इसी प्रकार भरगामा नगर पंचायत में पुरुषों ने 63.10त्न एवं महिलाओं ने 54. 00त्न अपने मताधिकार का प्रयोग किया इन सभी निकायों पर नजर डालें तो सबसे ज्यादा नगर पालिका सूरजपुर में 76.8 प्रतिशत एवं दूसरे नंबर पर प्रतापपुर नगर पंचायत 76.007 प्रतिशत मतदान हुआ।

**नगरीय निकाय चुनाव में 100 वर्ष की कलावती और 104 वर्ष की सकीना ने किया मतदान–** आज नगरीय निकाय चुनाव अंतर्गत मतदान दिवस पर बुजुर्ग मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बिश्रामपुर की मतदाता सुश्री कलावती देवी 100 वर्ष एवं सुश्री सकीना बेगम 104 वर्ष ने मतदान केंद्र पहुंच कर अपना मत दिया। बिश्रामपुर के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 12 में मत देने पहुंचे इन दोनों महिलाओं के चेहरे पर उत्साह एवं खुशी नजर आई। अपने परिजनों के साथ पहुंची सुश्री सकीना ने स्वयं चलकर अपना मत डाला। इन दोनो महिलाओं ने वोट डालकर मतदान के लिए सभी मतदाताओं को प्रेरित किया।

**मतदाता खामोशी के बीच किया अपना मतदान–** सभी निकायों में मतदाताओं ने खामोशी के बीच अपना मतदान किया। पूरे दिन भर मतदाता खामोश रहे ।मतदाताओं ने खामोशी के बीच अपना मतदान किया ।चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के चेहरे पर खामोशी छाई रही।

# नगरीय निकायों चुनाव के बाद प्रत्याशियों ने फिज़ा में घोला मिश्री पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पहुंचे मिठाई दुकान






**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**–नगर पंचायत बिश्रामपुर में शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न हो गया .मतदाताओं ने 53त्न मतदान किया .चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यकर्ता भले ही अपने-अपने प्रत्याशियों को लेकर मैदान में डटे रहे एक दूसरे पर छोटा कशी करते रहे परंतु इसके उलट मैदान में चुनाव के पश्चात फिज़ा में मिश्री खोलते प्रत्याशी मिले। प्रत्याशी इसे कड़ी में आज वार्ड क्रमांक 14 में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले शकुंतला सोनी भाजपा प्रत्याशी कमलफूल ,चंद्रावती सिलाई मशीन एवं राष्ट्रीय कांग्रेस के भारतीय दास पंजा छाप एक दूसरे से खिलखिलाते मुस्कुराते मतदान केंद्र परिसर के बाहर गपशप मारते हुए नजर आई ।पूछे जाने पर इन लोगों का कहना है कि चुनाव समाप्त अब गप सब का अभियान प्रारंभ गपशप का दौर शुरू। उधर नगर पंचायत बिश्रामपुर के सबसे मजबूत प्रत्याशी निर्मला यादव के पति एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव मिठाई की दुकान पर मिठाई खरीदते हुए दिखे पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अपना एवं कार्यकर्ताओं को थकान मिटाने के लिए मीठा बहुत जरूरी है । जीता सुनिश्चित है जनता ने जो भरोसा दिया है उसे संभाल कर रखूंगा । उधर नगर पंचायत के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ रही शकुंतला सोनी पति दिलीप सोनी का कहना है कि इस बार जनता हमारे ऊपर मेहरबान है हम उनके प्रती बहुत आभारी है। बहरहाल नगर पंचायत बिश्रामपुर के 53त्न मतदाताओं ने 46 प्रत्याशियों का किस्मत एबीएम मशीन में कैद कर दिया है।

# जिले के सभी नगरीय निकायों के मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से संपन्न





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** –जिले के नगर वासियों ने क्षेत्र की चहुंमुखी विकास के लिए आज नगरी निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका परिषद सूरजपुर, नगर पंचायत बिश्रामपुर, जरही, भटगांव व प्रतापपुर में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में आज प्रात: 8:00 बजे से शाम 5 बजे तक हुए मतदान में प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार 65.32 प्रतिशत मतदान के साथ जिले के सभी नगरीय निकायों के मतदान केंद्रों पर, मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से संपन्न हुई। मतदान करने पहुंचे मतदाताओ ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

गौरतलब है कि मत देने आए सभी वर्गों के मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान नगर विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने बड़ी संख्या में दिव्यांग मतदाताओ ने भी अपना मताधिकार का प्रयोग किया साथ ही मतदान के प्रति जिले के वोटरों को जागरूकता का संदेश भी दिया। वोटिंग के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर एवम जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री प्रणव सिंह द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान की विस्तु स्थिति का जायजा लिया गया।

मतदाताओं के सुविधा के लिए सूरजपुर, विश्रामपुर, प्रतापपुर इत्यादि स्थानों पर आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किये गए थे। जहां आने वाले मतदाताओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई थी। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों में सेल्फी बूथ स्थापित किये गए थे। जो की युवा वर्ग के लिए खासा आकर्षण का केंद्र था।

मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात सभी ईवीएम मशीनों को निर्धारित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित संधारित किया गया है। जिसकी गणना हेतु निर्धारित तिथि 15 फरवरी सुनिश्चित है।

# संपादकीय

## किसी की भी नहीं सुनेंगे राहुल गांधी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जब भी कुछ कहते हैं तो वह बहुत से लोगों को बहुत तरह से सोचने का मसाला भी दे देते हैं। कभी-कभी इतना अटपटा बोल देते हैं कि वह गैर कांग्रेसियों के बीच मजाक बन जाते हैं और फिर पूरी कांग्रेस को क्षतिपूर्ति के अनुष्ठान में लग जाना पड़ जाता है। चाहे उनका लोक सभा चुनाव के दौरान दिया गया शक्ति वाला बयान हो या हरियाणा चुनाव के दौरान दिया गया जलेबी के कारखाने वाला बयान हो। वह प्राय: अपने बयानों की गंभीरता को बनाए नहीं रख पाते। इस बार उन्होंने एक बार फिर अपनी पार्टी को कठघरे में खड़ा कर दिया है। दलित बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में आमंत्रित वक्त के रूप में उन्होंने कहा कि जब तक दलित और पिछड़े कांग्रेस के साथ थे तब तक आरएसएस सत्ता से दूर रहा, लेकिन 1990 के बाद यानी नरसिंह राव के शासनकाल में कांग्रेस दलित और पिछड़ों को अपने साथ जोड़कर नहीं रख सकी। अब वह कांग्रेस की इस गलती को सुधारना चाहते हैं। दलित और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कांग्रेस के भीतर ही क्रांति करेंगे। आशा यह है कि दलित-पिछड़ों को अपनी पार्टी में जगह देकर दलित-पिछड़े समूह को अपनी पार्टी से जोड़ेंगे और अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करेंगे और उनके बल पर संघ और भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे। इसके लिए उन्होंने यह आशंका भी जताई है कि अपनी पार्टी में विरोध भी सहना पड़ सकता है लेकिन वह इस इरादे को पूरा करने के लिए किसी की भी नहीं सुनेंगे। यह हास्यास्पद स्थिति है कि कांग्रेस का शीषर्स्थ नेता एक नीतिगत प्रश्न को एक सामान्य बैठक में इस तरह से प्रस्तुत करे। पहले उन्हें अपनी पार्टी के भीतर यह बात रखनी चाहिए थी पार्टी में दलित और पिछड़ों को क्या जगह दी जाए, कैसे दी जाए इसकी प्रक्रिया तय करनी चाहिए थी और जब एक स्पष्ट रणनीति निर्धारित हो जाती तो उसे जनता के सामने स्पष्टत: रखना चाहिए था। उन्हें यह भी समझना चाहिए था कि जो दलित और पिछड़े समूह स्वयं शक्तिशाली होकर इस या उससे गठजोड़ करने की स्थिति में हैं, वे राहुल गांधी की कृपा पर क्यों रहेंगे। लेकिन राहुल गांधी तो राहुल गांधी हैं। अब उनकी पार्टी तय करेगी कि उनके इस नीति वक्तव्य का वह क्या करे।

# अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल

**ललित गर्ग**

भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषत: डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है। डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए। सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इस तरह होने वाली कमाई से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है। भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषत: डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है। इसी कारण अमेरिका जैसे देशों में भारतीय युवा अपने सपनों को पूरा होते हुए देखते है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा-पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका-कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और प्रतिभा-कौशल के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि अमेरिका के विकास में योगभूत बने हैं। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। यही कारण है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी की तुलना में एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी काफी कम रही है। यही कारण है कि इस बार के अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा भी बना था और राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डॉनल्ड ट्रंप इस मसले को रेखांकित भी किया, इस वजह से अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय की छवि भी प्रभावित हुई है। भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। इतना ही नहीं, कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं। तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। अमेरिका से लौटे भारतीयों के दर्द को कम करना होगा एवं समझना होगा। इसके लिये भारत सरकार को व्यापक प्रयास करने होंगे। एक तो अवैध तरीकों से लोगों को विदेश पहुंचाने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त मुहिम चलानी होगी ताकि इस प्रक्रिया पर रोक लगे।



# आलेख

## परीक्षा योद्धाओं की नई परिभाषा: परीक्षा के युद्धक्षेत्र से परे

**धर्मेंद्र प्रधान**

प्रकृति ने अपनी असीम बुद्धि से प्रत्येक मनुष्य को एक अलग पहचान दी है - हमारी उंगलियों के निशान से लेकर आंखों की पुतलियों तक, हमारे अनुभव से लेकर विचारों तक, हमारी प्रतिभाओं से लेकर उपलब्धियों तक। मानवीय विशिष्टता के बारे में यह गहन सत्य हमारे समाज की विशेषता रही है और हमारी शिक्षा प्रणाली को इस विशेषता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे में कुछ जन्मजात प्रतिभा होती है, कुछ शैक्षिक प्रतिभा से चमकते हैं, अन्य रचनात्मकता के लिए तत्पर होते हैं, कई अन्य एथलेटिक और पेशेवर कौशल से युक्त होते हैं। इस विशिष्टता को दर्शाते हुए, स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था, शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है। एक बच्चे की प्राकृतिक प्रतिभा को निखारना और उसे उसकी पसंद के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में रचनात्मक रूप से शामिल करना हमारे शैक्षणिक संस्थानों के सामने कठिन चुनौतियां रही हैं। शिक्षकों और नीति निर्माताओं के रूप में हमारी भूमिका एक बच्चे की अनूठी प्रतिभा को विकसित करना है, जिससे वह चुने हुए लक्ष्य में श्रेष्टता प्राप्त कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने प्रतिभा को परिभाषित करने और उसको विकसित करने के तरीके में एक विलक्षण बदलाव किया है। यह एक दार्शनिक ढांचा है जो वास्तव में हमारे प्रत्येक बच्चे में मौजूद विशिष्टता की सूक्ष्म रूपरेखा का वर्णन कर सकता है जो हमारे देश की उन्नति में योगदान देता है। हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम शिक्षा में संपूर्ण सुधार लागू कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे की शैक्षिक यात्रा हमेशा रोमांचकारी और यादगार बनी रहे। बच्चे पढ़ाई और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के तनाव और दबाव से मुक्त रहें। यह दृष्टिकोण हमारे शैक्षिक सुधारों का केंद्र है, बुनियादी शिक्षा से लेकर शिक्षा और अनुसंधान के उच्चतम स्तरों तक। कुछ साल पहले, हमारे युवा शिक्षार्थियों के लिए बाल वाटिका या खिलौना-आधारित शिक्षा ने व्यापक संदेह को आमंत्रित किया होगा। आज, एनईपी की बदौलत, ये अभिनव दृष्टिकोण प्रारंभिक शिक्षा में आमूल परिवर्तन ला रहे हैं, जिससे सीखना कष्टदायक होने के बजाय एक आनंददायक कार्य बन गया है। हमारी नई शिक्षा प्रणाली यह मानती है कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्राकृतिक प्रतिभा के अनुसार विकास करता है। हमारी क्रेडिट ट्रांसफर नीति जो एक अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट स्थापित करती है, एक और उन्नतिशील कदम आगे बढ़ाती है। यह माना जाता है कि जीवन का मार्ग हमेशा सीधा नहीं हो सकता है, बल्कि इसमें उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं और सीखना विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न गति से हो सकता है। शिक्षार्थी औपचारिक शिक्षा को रोक सकते हैं क्योंकि वे अपनी रुचि के अनुसार काम करते हैं, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं तथा अपने परिवार का समर्थन करते हैं। जब वे औपचारिक शिक्षा में वापस लौटते हैं, तो उनके अपने अनुभव और उपलब्धियां काम आती हैं और इन्हें महत्व दिया जाता है जो उनके क्रेडिट अकादमिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाता है। यह अनुकूलनियता इस बात को जोर देती है कि सीखने के दरवाज़े हमेशा खुले रहते हैं, जो लोगों को उनके जीवन के किसी भी मोड़ पर सीखने के पारिस्थितिकी तंत्र में वापस लाते हैं। सरकार ऐसी संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां परीक्षा में सफलता कभी भी संपूर्ण विकास पर हावी न हो, जिससे हमारे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान न हो। इस महत्वपूर्ण चुनौती को पहचानते हुए, हमारी सरकार ने परीक्षा से संबंधित तनाव को दूर करने में मदद करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बना दिया है। प्रधानमंत्री की अभूतपूर्व परीक्षा पे चर्चा पहल छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के मूल्यांकन के तरीके को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छात्रों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत ने परीक्षा की चिंता को राष्ट्रीय संवाद में बदल दिया है। उन्होंने पिछले कई वर्षों से परीक्षाओं को लेकर होने वाली चिंता को दूर करने का प्रयास किया है, जो संवेदनशील दिमाग पर अनावश्यक दबाव डालती है। प्रधानमंत्री के अपने जीवन और अनुभवों से लिए गए व्यावहारिक सुझावों को परीक्षार्थियों ने खूब सराहा है।

# मध्यम वर्ग को राहत देने वाला बजट

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग को मुस्कुराहट देते दिखाई दे रहा है। वित्त मंत्री बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ा कर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। वित्त मंत्री ने नये टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रुपये तक की कमाई को टैक्स फ्री किया है। खास बात यह भी है कि बजट के तहत बीमा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की वर्तमान 74 फीसद की सीमा बढ़ा कर 100 फीसद किया गया है। इससे कंपनियों को ज्यादा पैसा मिलेगा और ऐसे में वे अपना विस्तार करेंगी और प्रीमियम भी कम होने से करदाता और मध्यम वर्ग लाभान्वित होगा। निस्संदेह कोरोना काल के बाद मध्यम वर्ग को राहत देने को लेकर लगातार मांग तेज हुई है। सरकार ने विगत वर्षों में जहां गरीब लोगों के लिए ढेर सारी राहतों का ऐलान किया, वहीं कॉरपोरेट जगत पर भी सरकार ने ध्यान दिया। लेकिन सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पीछे छूट गया। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले विभिन्न बजटों में मध्यम वर्ग की चिंताओं पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। इस वर्ग पर लगाए गए कर की तुलना में इस वर्ग को सार्वजनिक सेवाओं के जरिए बहुत कम रिटर्न मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बजट सत्र की शुरु आत पर मध्यम वर्ग को सौगात देने के संकेत दिए थे। साथ ही, वित्त मंत्री ने संसद में 2024-25 की जो आर्थिक समीक्षा पेश की उसमें भी वेतनभोगी और स्वरोजगार वाले मध्यम वर्ग की वास्तविक आय में कमी आने की बात स्वीकार की थी। ऐसे में वित्त मंत्री कोरोना काल के बाद देश के विकास का इंजन कहे जाने वाले मध्यम वर्ग के निजी उपभोग पर होने वाले खर्च में गिरावट से घटी हुई विकास दर को बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ी हैं। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी है। निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। मजबूत मध्यम वर्ग भारत के ऊंचे विकास के सपने को आकार देने का आधार बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि बजट 2025-26 के मद्देनजर वित्त मंत्री सीतारमण के पास मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद रहा है। पिछले 10 वर्षो में लगातार आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांग लगा कर वृद्धि हुई है। ऐसे में करदाताओं, छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग के लिए टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बना कर खचरे और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश बजट में दिखाई दी है। वित्त मंत्री ने मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नये टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित किया गया है। नये टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हों। नये बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की जिसके तहत 12 लाख रु पये तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। आय के विभिन्न स्तरों पर टैक्सपेयर्स को बड़ी बचत का भी मौका मिलेगा। बजट 2025-26 में सीनियर सिटीजन के लिए स्टैंर्डड डिडक्शन (मानक कटौती) की लिमिट 50,000 रु पये से बढ़ाकर एक लाख रु पये की गई है। नई टैक्स रिजीम के तहत वेतनभोगी वर्ग को 75,000 रु पये की छूट (स्टैंर्डड डिडक्शन) का लाभ बना हुआ है। यद्यपि देश में कर सुधारों से आयकर के संग्रहण में आशातीत वृद्धि हुई है, लेकिन अभी आयकर के कर दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। जहां 2025-26 के बजट से वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग को आयकर राहत संबंधी उपहार सौंपा है, वहीं उन्होंने बजट में आयकर सुधारों के लिए नई व्यवस्था का ऐलान भी किया हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक और विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं, या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से 8.09 करोड़ लोगों ने ही आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि वित्त मंत्री ने आयकर सुधारों के तहत आगामी सप्ताह में नया टैक्स बिल लाने की घोषणा की है। इसका मकसद मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट, 1961 को नई जरूरतों के अनुरूप आसान और प्रभावी बनाना है। नया आयकर कानून मौजूदा कानून में संशोधन भर नहीं होगा, बल्कि पूर्णतया नया कानून होगा। इसके तहत अनावश्यक और अप्रचलित प्रावधानों को हटाया जाएगा। कर विवादों को कम किया जाएगा। टैक्सपेयर्स के लिए अनुपालन को आसान बनाया जाएगा। निश्चित रूप से 2025-26 के बजट में आयकरदाताओं, निवेशकों और मध्यम वर्ग के लिए दी गई टैक्स राहत और किए गए अन्य विशेष प्रावधानों से मध्यम वर्ग की मुस्कुराहट बढ़ेगी।

# आप पार्टी की हार, भाजपा की सरकार

**सुरेश हिंदुस्तानी**

दिल्ली राज्य में विधानसभा की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के साथ ही सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। कहा जाता है कि जिसको जल्दी सफलता मिलती है, वह उस सफलता को यथावत नहीं रख सकता। जिसको संघर्ष के बाद सफलता मिलती है, वह स्थायित्व को प्राप्त कर सकती है, क्योंकि संघर्ष करने से अनुभव आता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को ऐसी ही सफलता मिली, जिसे संभालने का राजनीतिक अनुभव उनके पास नहीं था। लोक लुभावन वादे एक निश्चित अवधि तक ही सुख का अनुभव करा सकते हैं, वह लम्बे समय तक सफलता का आधार नहीं बन सकता। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में लगभग यही दिखाई दिया। केजरीवाल को बिना लम्बे परिश्रम के सत्ता मिल गई, जिसे वे स्थायित्व नहीं दे सके। वे खुद भी चुनाव हार गए और उनके बाद आम आदमी पार्टी में दूसरे नंबर पर आने वाले नेता मनीष सिसोदिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा। दिल्ली राज्य में विधानसभा की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के साथ ही सरकार बनने का रास्ता साफकर दिया है। चुनाव परिणाम के बारे में अध्ययन किया जाए तो यह ध्यान में आता है कि आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने किया है। इससे विपक्ष का वोट विभाजित हो गया। इसका आशय यह भी है कि पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो आशातीत समर्थन मिला, वह समर्थन केवल आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं के प्रति पूरा समर्थन नहीं था। कहा जाता है कि पिछले चुनाव में अगर कांग्रेस का अंदरूनी समर्थन नहीं होता तो आम आदमी पार्टी राजनीतिक आकाश में चमक नहीं बिखेर सकती थी। इस पर एक बात कहना बहुत ही आवश्यक है कि जो दूसरों की शक्ति से चमकते हैं, उनकी चमक लम्बे समय तक नहीं रहती। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की चमक ऐसी ही थी। जहां तक पंजाब में सरकार बनाने की बात है तो यही कहना समुचित होगा कि वहां चुनाव के समय दिल्ली की योजनाओं को प्रचारित किया गया, जिसका राजनीतिक लाभ आम आदमी पार्टी को मिला। दिल्ली के



विधानसभा चुनाव परिणाम का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इस बार अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस को आईना दिखाने के प्रयास में अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम किया है। अगर अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस की बात मानकर गठबंधन कर लेते तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और ही होती, लेकिन अरविन्द केजरीवाल का अहंकार ही उनको ले डूबा। हम जानते हैं कि एक बार आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि मोदी जी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को इस जन्म में तो आप हरा नहीं सकते। ऐसी भाषा को सुनकर यही लगता है कि केजरीवाल को अहंकार हो गया था। दूसरी बड़ी बात यह है कि उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे थे, इन सब आरोपों पर उन्होंने हमेशा भाजपा पर निशाना साधने का काम किया। जबकि यह सारा काम जांच एजेंसियों और सर्वोच्च न्यायालय ने किया। अरविन्द केजरीवाल को जेल भेजने का निर्णय सर्वोच्च न्यायालय का था, लेकिन उनका आरोप भाजपा पर था। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की इस बात को झूंठ ही माना। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल इस तथ्य को भूल गए कि भारतीय जनता पार्टी का भी दिल्ली में व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। लोकसभा के चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सीट प्राप्त होना, इसको प्रमाणित भी करता है। विधानसभा में भाजपा को भले ही कम सफलता मिली हो, लेकिन इससे भाजपा के राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने भी इस चुनाव को आम आदमी पार्टी की तर्ज पर ही लड़ा। भाजपा ने लोहे को लोहे से काटने की रणनीति पर काम किया, जिसमें भाजपा ने बाजी मार ली। दिल्ली के चुनाव में इस बार जिस प्रकार से आधुनिक संचार तकनीक का प्रयोग किया गया, उसने भी केजरीवाल की कथनी और करनी की भिन्नता को ही उजागर किया। केजरीवाल एक बात पर टिके दिखाई नहीं दिए। वे कभी कुछ तो कभी उसके विपरीत दिखाई दिए। यमुना साफकरने के नाम पर बार बार वादे करना आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के लिए भारी पड़ गया। यह बात सही है कि वादे करना सरल है, उनको पूरा करना उतना ही कठिन है। केजरीवाल जो वादे कर रहे थे, वे वही वादे थे, जो उन्होंने दस वर्ष पूर्व किए थे। उनमें से कई बड़े वादे अब तक पूरे नहीं किए जा सके। सबसे बड़ा वादा यमुना साफ करने का ही था। इसके अलावा भ्रष्टाचार समाप्त करने के नाम पर गठित आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके थे। हद तो तब हो गई, ज़ब वे अपनी सरकार को जेल से ही चलाने लगे।

दैनिक
# विश्व परिवार



www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### धर्म यदि जीवन में होगा तो सत्कर्म आपके जीवन में होगा : भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्शजागर जी महामुनिराज



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** सम्यग्दर्शन की शिक्षा, सम्यग्दर्शन की रक्षा। कहते हैं जिन देव अहा, समकित संग दीक्षा भिक्षा। सम्यग्दर्शन बिन, हो-हो-2, कोई धर्म न पाए रे ।। जीवन है पानी की बूंद, कब मिट जाए रे।। शरीर धारण किया जाता है इसीलिए शरीर आत्मा नहीं है। जैसे-चश्मा धारण किया जाता है इसीलिए चश्मा आँख नहीं है। आँख अपना काम ठीक से नहीं कर पा रही है इसीलिए चश्मा धारण करना पड़ता है उसी प्रकार जीव अपने स्वाश्रित सुख का अनुभव नहीं कर पा रहा है इसीलिए अज्ञानवश शरीर में ही सुख की कल्पना करता रहता है। चश्मा पहनने में चेहरे की शोभा नहीं है उसी प्रकार शरीरों को धारण करने में जीव की कोई शोभा नहीं है। इस संसार में कोई भी जीव सुखी नहीं है, निरोगी नहीं है और निरोगी हो भी नहीं सकता। एक बात बताओ, भूख लगना रोग है या भूख न लगना रोग है। भूख लगना तो जीव का जन्मजात रोग है और भूख न लगना कर्मोदय से होने वाला रोग है। एक रोग को मिटाने के लिए जो औषधि सेवन की जाती है वह भी एक नया रोग देकर जाती है। संसार के सम्पूर्ण दु:खों से एवं रोगों से छुटकारा पाने एकमात्र उपाय है सम्यग्दर्शन अर्थात सच्ची श्रद्धा । ध्यान रखो यह श्रका गुण प्रत्येक जीवात्मा के पास है किन्तु सबका यह श्रद्धा गुण समीचीन नहीं है इसीलिए जीव भ्रान्ति में जीता रहता है। सच्ची श्रद्धा जीव को भ्रान्ति से मुक्त कर देती है। **-विहर्ष जैन (हर्ष)**

### सामान्य प्रेक्षक ने मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों का किया सघन निरीक्षण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिला रायपुर नगरीय आम निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती इफ्फत आरा आज मतदान दिवस पर नगरपालिका निगम रायपुर, नगरपालिका परिषद अभनपुर, नगरपालिका परिषद गोबरा-नवापारा तथा नगर पंचायत खरोरा के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों के सघन दौरे पर रही। उन्होंने निर्वाचन में संलग्न मतदान अधिकारियों से मतदान केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस निरीक्षण दौरा अंतर्गत रायपुर निगम क्षेत्र के दुर्गा महाविद्यालय, संत कंवर राम शासकीय स्कूल कटोरा तालाब, नगरपालिक निगम स्कूल टिकरापारा, खरोरा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खरोरा तथा अभनपुर के मतदान केंद्रों का अवलोकन और जांच किया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक श्रीमती आरा ने नगरपालिका परिषद गोबरा-नवापारा स्थित स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। सामान्य प्रेक्षक ने निरीक्षण के दौरान मतदान दल और मतदाता द्वारा किए जा रहे मतदान कार्य का अवलोकन किया। इसके साथ ही मतदान केंद्र में बुनियादी सुविधा पेयजल, पंखा, बिजली, रैंप, व्हीलचेयर, शौचालय, छाया, मतदाता सूची आदि का अवलोकन किया।

## किसी बड़े आचार्य परमेष्ठी के समाधिस्थल की वंदना करने का उल्लेख आगम शास्त्रों में भी किया गया है : मुनि श्री समतासागर जी महाराज





**डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** किसी बड़े आचार्य परमेष्ठी के समाधिस्थल की वंदना करने का उल्लेख आगम शास्त्रों में भी किया गया है ऐसे पवित्र स्थान की वंदना श्रद्धालु तो करते ही हैं, मुनि आर्यिका भी ऐसे पवित्र स्थान की वंदना को करते है। उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने आचार्य गुरुदेव विद्यासागर महा मुनिराज की समाधिस्थल चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में आयोजित प्रवचनसभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि आप लोगों ने देखा होगा कि जब आप लोग आचार्य श्री की पूजन करते थे तो उतनी देर में आचार्य श्री अपनी पूजन को सुनते थे ऐसा नहीं था बल्कि उतनी देर में वह छहढाला की छंटवी ढाल का पाठ धीमे धीमे अपनी लय में कर लिया करते थे आचार्य श्री ने एक बार बताया भी था कि उनके गुरु आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज को भी छहढाला की छंटवी ढाल बहूत पसंद थी मुनि श्री ने श्री सम्मेदशिखर जी की बंदना के पश्चात कोलकाता के वेलगछिया जैन मंदिर का वृतांत सुनाते हुये कहा दौपहर का समय था आचार्य श्री विराजमान थे तथा बहूत से श्रावक एवं श्राविकायें बैठे थे धर्म की चर्चा चल रही थी अचानक आचार्य श्री ने कहा कि यह छंटवी ढाल में कुछ संवोधन होंना चाहिये और उन्होंने संशोधन कराया। मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री हमेशा अपने समय का सदुपयोग तो क्या कहें, पूर्ण उपयोग तत्वचिंतन में ही किया करते थे जैन ही नही अपितु जैनेत्तर समाज भी उनकी योग्यता के कायल थी जैसा कि आप लोगों ने देखा जिस दिन अमित शाह जी आये थे उन्होंने अपनी स्पीच में भी कहा था कि आचार्य श्री का क्षण क्षण और कण कण पवित्र पावन रंहा उन्होंने उसका उपयोग अपने लिये भी किया तथा उसका उपयोग राष्ट्र हित में भी किया है, आचार्य श्री ने एक नया शव्द काल भक्षी की परिभाषा बताते हुये कहा था कि जो यंहा बंहा की बातें करके अपना समय नष्ट करते ही है साथ में उन साधुओं का समय भी नष्ट करते है जो कि अपनी सामायिक साधना में लीन रहते है,जो लोग ऐसे समय में आकर साधुओं के पास बैठ जाते है उनको कालभक्षी कहा जाता है आचार्य श्री अपने समय का पूरा पूरा उपयोग और चिंतन करते थे कयी कयी बार तो उनका उपयोग ऐसा लग जाता था कि वह आहारचर्या हो या पूजा उस समय पर भी अपना चिंतन जारी रखते थे। आचार्य गुरुदेव जो कि समय का पूरा पूरा उपयोग करके चिंतन किया करते थे उन्होंने जाने से पहले हम सभी को समयसागर महाराज के रुप में अपना समय दिया है अत: हम सभी को समय के महत्व को समझना चाहिये तथा उसके उपयोग का पूरा पूरा ध्यान रखना चाहिये। उपरोक जानकारी प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया निर्यापक श्रमण वीरसागरजी महाराज स संघ का मंगल प्रवास चंद्रगिरी डोंगरगढ़ की ओर चल रहा है आज रात्री विश्राम ग्राम साकोली ग्राम में हुआ जो कि डोंगरगढ़ से लगभग 90 किमी दूरी पर है, मुनि श्री वीर सागर जी महाराज का संघ सहित मंगल प्रवेश 15-16 फरवरी शनिवार रविवार तक सम्भावित है। चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर जैन एवं महामंत्री निर्मल जैन सहित ट्रस्टीओं ने मुनिसंघ के दर्शन करके श्री फल अर्पित कर चंद्रगिरी पधारने का अनुरोध किया।

**-अविनाश जैन**


## अंतरंग आत्मा पर लगे कर्मों को संयम तप साधना के माध्यम से हटाया जाता है : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज



**इंदौर (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री वर्धमान सागर जी संघ सहित मुंगाणा में विराजित हैं। दोपहर को शास्त्र स्वाध्याय में आचार्यश्री ने अंतरंग औरबहिरंग तप की विवेचना कर बताया कि अंतरंग की शुद्धि ज्यादा जरूरी है एक दृष्टांत बगुले के माध्यम से बताया कि बगुला भगत की कहानी सब जानते हैं बगुला श्वेत श्वेत रंग का किंतु उसका हृदय कपटी होता है वह नदी में ध्यान करने का ढोंग कर मछलियों का भक्षण करता है श्वेत मुद्रा के कारण उसे जीव साधु समझते हैं।इसलिए अरिहंत जिनेंद्र भगवान द्वारा प्रतिपादित आचरण के विरुद्ध कार्य करना निंदनीय है इसलिए सभी का अंतरंग शुद्ध होना जरूरी है यह मंगल देशना आचार्य श्री ने वर्धमान सागर जी ने प्रवचन के दौरान बताई। ब्रह्मचारी गज्जू भैया, राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री ने आगे बताया कि 6 काय के जीवो को प्रमाद रहित होकर कमलवत होना चाहिए। नदी में कमल के गुण के बारे में बताया कि वह जल में ऊपर रहता है पानी डालने पर भी स्थिर रहता है कमल जल में लिप्त नहीं होता है इसी प्रकार श्रावकों मुनियों को कर्मों के बंध होने के कारणों से बचना चाहिए उन्हें जीवन में जल में कमलवत रहना चाहिए राग और द्वेष के कारण कर्मों का बंध होता है।अंतरंग और बाह्य परिग्रहों के कारण आत्मा में विशुद्धता नहीं होती। परिग्रहों के त्याग के बिना चित शुद्ध नहीं हो सकता है।जैन समाज अध्यक्ष करणमल एवं अनुरुद्ध ने बताया कि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी श्री संघ सानिध्य में धर्मनगरी मुंगाणा श्री आदिनाथ मंदिर में दिनाँक 10 फरवरी 2025 से प्रतिदिन सायं 7 बजे से 8 बजे (आचार्य श्री की आरती) के बाद शुरू किया गया शिविर में बालक, बालिकाएं,युवक,युवतियां,पुरुष, महिलाएं व बुजुर्ग सभी शिविर में भाग लेकर अपने ज्ञान में अभिवृद्धि एवं पुण्य का संचय कर रहे हैं।

## आचार्य भगवन विशुद्ध सागर जी का पट्टाचार्य महोत्सव देवाधिदेव श्री सुमतिनाथ दिगंबर जिनालय में आयोजन : मुनिश्री सिद्धसागर जी

### इंदौर में महाकुंभ श्रमण परंपरा का आयोजन




**इंदौर (विश्व परिवार)।** आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज जी के परम शिष्य श्रमण मुनि श्री सिद्धसागर महाराज जी ने बताया की, समाधिस्थ आचार्य विराग सागर जी महाराज के उत्तराधिकारी (पट्टाचार्य) होंगे श्रमण संस्कृति के प्रमुख आचार्यों में से एक आचार्य भगवन श्री विशुद्ध सागर महाराज जी। इस आशय की घोषणा आचार्य विराग सागर जी महाराज ने जालना महाराष्ट्र में समाधि के पूर्व वहां उपस्थित संघस्थ साधुओं, आर्यिकाओं एवं श्रद्धालुओं के समक्ष की थी। रविवार 27 अप्रेल,2025 को सम्पूर्ण संघों का एक साथ देवाधिदेव श्री सुमतिनाथ दिगंबर जिनालय, गोधा एस्टेट, सुमति धाम इंदोर में प्रवेश होगा।

इस आयोजन में लगभग 500 संत-साध्वियाँ तथा 300 त्यागी-वृति सम्मिलित होंगे। 30 अप्रैल, अक्षय तृतीया के दिन पट्टाचार्य-पदारोहण के संस्कार होंगे। प्रात: काल में श्रमण संस्कृति के समाधिस्त गणाचार्य श्री विरागसागर जी की जन्म जयंती 2 मंई को बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। यह आयोजन एक विशाल रूप में लगभग 65 एकड़ में सम्पन्न होगा।

संयोजक मनीष जी गोधा और सपना गोधा जी ने जानकारी दी की सुमति धाम, जिनालय इन्दौर (म.प्र.) में समाधिस्थ गणाचार्य 108 श्री विरागसागर जी गुरुदेव के अंतिम उपदेशानुसार, आचार्य श्री विशुद्धसागर जी का प्रतिष्ठा संस्कार 27 अप्रैल से 2 मई 2025 तक सम्पन्न होगा।

परम पूज्य अध्यात्म योगी चर्या शिरोमणि आचार्य भगवन श्री 108 विशुद्ध सागर जी महामुनिराज का पट्टाचार्य महोत्सव देवाधिदेव श्री सुमतिनाथ दिगंबर जिनालय, गोधा एस्टेट, इन्दौर में महाकुंभ श्रमण परंपरा का आयोजन किया हैं। रजिस्ट्रेशन करने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ हुई हैं। रजिस्ट्रेशन इस लिंक पर जाकर करना हैं।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## समलिया पार्श्वनाथ भगवान के महामस्तिकाभिषेक में उमड़े श्रद्धालुजन



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** अतिशय क्षेत्र बालावेहटमें प्रभावना पूर्वक निकली चल विमान जी की शोभायात्रा ललितपुर। ललितपुर जिले के ग्राम बालावेहट में सौर नदी के तट पर स्थित अति प्राचीन जैन अतिशय क्षेत्र सामलिया के मूलनायक पारसनाथ भगवान का महामस्तिकाभिषेक चल विमानोत्सव का आयोजन प्रभावना पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें दूरांचलों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ लिया।

मध्यान्ह में मंदिर प्रांगण में क्षेत्र विकास सम्मेलन प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र जैन थनवारा की अध्यक्षता एवं समाजश्रेष्ठी शीलचंद अनौरा के मुख्यआतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अभिषेक जैन अनौरा ने अति प्राचीन मंदिर की जीर्णशीर्ण हालत से समाज को अवगत कराते हुए बताया कि प्रबंध समिति का प्रयास शीघ्र ही मंदिर जी को मैन रोड पर भव्य रूप स्थापित करने का है। मंदिर निर्माण में बड़े बाबा पारसनाथ भगवान एवं वेदी का पुर्याजन राजेन्द्र कुमार अंकित थनवारा परिवार, मुनि सुव्रतनाथ भगवान एवं वेदी का पुन्यार्जन सुनील कुमार अखिलेश अनौरा परिवार, सुपार्श्वनाथ भगवान वेदी का पुनर्याजन शीलचंद वीरेन्द्र कुमार अनौरा परिवार को प्राप्त हुआ है। क्षेत्र उपाध्यक्ष मुकेश सराफ, निर्माण संयोजक अमित चौधरी खिमलासा ने अपने विचार रखे। प्रबंध समिति अध्यक्ष राजेन्द्र जैन थनवारा ने एक नए पीतल के विमान प्रदान करने का संकल्प लिया। मध्यान्ह में श्री जी के को विमान जी में विराजित कर धर्मालुओं ने नगर में विमान जी की शोभायात्रा निकाली जिसमें भक्तजन प्रभु भक्ति में थिरक रहे थें। महिलाए मंगलगान करते हुए प्रभु भक्ति में लीन रही। श्री जी की शोभायात्रा पुन: मंदिर जी में पहुंची जहां प्रतिष्ठाचार्य पं0 संतोष जैन अमृत के मार्गदर्शन में प्रभु अभिषेक शान्तिधारा हुई जिसमें अनिल कुमार मालथौन राजकुमार गुगरवारा आशीष जैन ओशो, सुनील गदयाना, मोहन जैन मोहन मावा, शिखरचंद विजली, कैलाश बजाज मालाथौन अशोक जैन उमरिया ने पुन्यार्जन किया। इस दौरान निकटवर्ती जैन समाज ललितपुर, पाली, मालथौन, खिमलासा, खुरई, बीना, भानगढ बेसरा मरछा आदि से धर्मालुजन पहुंचे।

**-अक्षय अलिया**

## बगीचा मंदिर की तीसरी वर्षगांठ पर शान्ति धारा के साथ हुए अनेक कार्यक्रम, चन्द्र प्रभु भगवान के महा मस्तिष्काभिषेक किया विधान

### गांधी परिवार ने छोटे से मन्दिर को विशाल रूप देकर अपनी श्रद्धा समर्पित की है : विजय धुर्रा



**अशोक नगर (विश्व परिवार)।** शहर के श्री दिगम्बर जैन बगीचा मन्दिर की तीसरी वर्षगांठ पर देवाधिदेव भगवान श्री चन्द्र प्रभु स्वामी के महा मस्तिष्काभिषेक के साथ ही श्री शांतिनाथ महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन जैन युवा वर्ग के संरक्षक शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के साथ किया गया आज प्रात: काल की वेला में श्री दिगम्बर जैन चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर की तीसरी वर्षगांठ पर मूल नायक देवाधिदेव भगवान श्री चन्द्र प्रभु स्वामी का एक सौ आठ रिद्धिमंत्रो से शैलेन्द्र श्रागर के मंत्रोच्चार के वीच महा मस्तिष्काभिषेक किया गया जिसका सौभाग्य जिनेश गांधी प्रदीप गांधी गुना अशोक गांधी ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष आनंद गांधी सहित अन्य भक्तों को मिला।

इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि ने कहा कि गांधी परिवार द्वारा बर्षो पहले बगीची में छोटा सा मन्दिर वनना था परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की प्रेरणा पा कर गांधी परिवार ने जिनेश गांधी अशोक जी प्रदीप गुना ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष आनंद गांधी ने परम पूज्य का आशीर्वाद प्राप्त कर चांद खेड़ी तीर्थ क्षेत्र में भगवान की प्रतिष्ठा कराकर भव्य जिनालय में स्थापना कराकर बगीचा मन्दिर को भव्य जिनालय का रूप दिया इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि जैन समाज के प्रतिष्ठित परिवार में गांधी परिवार सुमार है और ये हमेशा सभी कार्य में बड़ चढ़ कर भाग लेते हैं आज जिनालय की वर्षगांठ पर भव्य समारोह में आयोजन किया जा रहा है आपको जव भी पंचायत कमेटी की जरूरत हो तो कमेटी आप के साथ खड़ी है।

## सिद्धचक्र महामंडल विधान का हवन पूर्णाहुति एवं श्रीजी की भव्य शोभायात्रा के साथ समापन



**रामगंजमंडी (विश्व परिवार)।** सिद्धों की आराधना करते हुए सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन मंगलवार की बेला में हो गया मंगलवार की प्रात: बेला में पंडित श्री जयकुमार जैन निशांत,संतोष जैन शास्त्री एवं आकाश जैन आचार्य के निर्देशन में प्रात: बेला में श्री जी का अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजन किया गया नित्य नियम पूजन उपरांत विश्व शांति की कामना हेतु हवन पूर्णाहुति की गई। हवन पूर्णाहुति के उपरांत विधान के आयोजन कर्ता श्रीमान दिलीप कुमार, अरुण कुमार, कमल कुमार, संजय कुमार विनायका एवं समस्त विनायका परिवार द्वारा पुण्याह वाचन की क्रिया एवं एवं मंडल पर विसर्जन किया। इसके उपरांत श्री जी को रथ में विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस भव्य शोभायात्रा में आचार्य श्री के चरण भी चले। नगर में निकली शोभायात्रा अपने आप में अलौकिक थी और नगर का वातावरण धर्ममय बना हुआ था। कुछ समय से चली आई परंपरा की रथ को स्वयं हाथों से व्यक्ति खींच रहे थे वह पुनर्जीवित रही एवं सभी ने अपने हाथों से श्री जी के रथ को खींचा एवं युवा शक्ति नृत्य करते चल रही थी। महिला शक्ति भी भक्ति में भजनों पर झूम रही थी हर कोई बस प्रभु भक्ति में मगन दिखाई दे रहा था बग्गी में बैठकर सोधर्म इंद्र दिलीप कुमार विनायका रतन वृष्टि करते दिखाई दे रहे थे। ड्रोन के द्वारा हुई रत्न वृष्टि भी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। आचार्य गुरुवर विद्यासागर की जय, जैन धर्म की जय सिद्ध चक्र महामंडल विधान की जय जैसे जय कारों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान था। अनेक भजनों पर श्रद्धालु झूम रहे थे। मानो लग रहा यह शोभायात्रा अहिंसा शांति का संदेश देते हुए जैनत्व का उद्घोष कर रही थी। यह शोभा यात्रा शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची जहां श्री जी का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई।

वही सोमवार की संध्या बेला में विनायका परिवार द्वारा पंडित श्री जयकुमार जैन निशांत का शब्द रूपी सुमन एवं श्रीफल भेंट कर उनका बहुमान किया। इस अवसर पर उनके साथ ही श्री संतोष जैन शास्त्री का भी अभिनंदन किया गया इसी के साथ इस महामंडल विधान को भक्तिमय बनाने हेतु श्री रामकुमार जैन संगीतकार एवं उनकी टीम का भी अभिनंदन किया गया इस अवसर पर विनायका परिवार की ओर से श्रीमान दिलीप कुमार विनायका ने जिन्होंने भी इस महामंडल विधान में सहयोग दिया एवं सकल दिगंबर जैन समाज का आभार एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रशांत जैन आचार्य का भी अभिनंदन किया गया।

## तीर्थंकर बालक आदिकुमार का हुआ जन्म, सौधर्म इन्द्र ने हजार नेत्र बनाकर किया प्रभु का दर्शन

**सौधर्म इन्द्र ने भगवान को ऐरावत हाथी पर बैठाकर नगर की लगाई प्रदक्षिणा**

### मुनिश्री विलोकसागर जी ने समाज से चार संतान को जन्म देने का आह्वान किया

### घोड़ों और बग्घियों पर सवार होकर निकले मुख्य पात्र

### भगवान के जन्म के अवसर पर जगह जगह हुआ स्वागत, पुष्पवर्षा एवं मिष्ठान वितरण



**झांसी (विश्व परिवार)।** नगर के बड़ागांव गेट बाहर सूंजे खां खिड़की मार्ग स्थित अयोध्या नगरी के भव्य पांडाल में श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव विश्वशांति महायज्ञ के अंतर्गत जैसे ही माता मरुदेवी के गर्भ से तीर्थंकर बालक आदिकुमार का जन्म हुआ तो पूरा क्षेत्र जयघोष से गुंजायमान हो गया। सौधर्म इन्द्र का सिंहासन कम्पायमान हो गया। तीनों लोक में सुख शांति समृद्धि का माहौल स्थापित हो गया। शची इंद्राणी ने प्रसूति गृह में जाकर तीर्थंकर बालक को सौधर्म इन्द्र के लिए सौंपा। सौधर्म इन्द्र ने हजार नेत्र बनाकर भगवान के बाल स्वरूप का दर्शन किया। तत्पश्चात मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए समाज से 4 संतान को जन्म देने का आह्वान किया। एक संतान को परिवार के लिए, दूसरी संतान समाजसेवा के लिए, तीसरी संतान धर्म के लिए और चौथी संतान देश के लिए समर्पित कर देना। इस अवसर पर सौधर्म इंद्र श्रीमति उषा-रविन्द्र सिंघई ने तीर्थंकर बालक आदिकुमार को ऐरावत हाथी पर बैठाकर नगर की प्रदक्षिणा लगाई। इस अवसर पर कुबेर इंद्र श्रीमति श्वेता-नितिन जैन, भरत चक्रवर्ती श्रीमति पूनम-संजीव जैन मिनी चिरगांव, महायज्ञनायक श्रीमति कल्पना-अरविन्द जैन कामरेड, बाहुबली श्रीमति कनिका-शशांक जैन, यज्ञनायक श्रीमति प्रिया-प्रतीक जैन, ईशान इन्द्र श्रीमति ममता-जितेन्द्र चौधरी, सानतकुमार इन्द्र श्रीमति रश्मि-गौतम जैन (सुपाड़ी), माहेन्द्र इन्द्र श्रीमति मेघा,- प्रदीप जैन महरौनी, राजा श्रेयांस श्रीमति सुलोचना-सनत नायक, राजा सोम श्रीमति प्रियंका-अमरेन्द्र ड्योढिया, विधिनायक प्रतिमा पुण्यार्जक श्रीमति रंजना-आलोक जैन, महामंडलेश्वर श्रीमति अनीता-इंजी.अनिल जैन, श्रीमति नेहा-अलंकार जैन, श्रीमति अंजू-रवींद्र जैन रेल्वे, श्रीमति प्रभा-दिनेश जैन दीनू, विशेष इंद्र श्रीमति सविता-विनोद जैन ठेकेदार, श्रीमति मनीषा-मनोज सिंघई,



श्रीमति निकिता-सजल जैन चैनू, जिनेन्द्र जैन शामयाना, लहर जैन, वीरेन्द्र चौधरी, रमेश चंद्र जैन बिजली, दिव्यांश जैन, भगवानदास जैन, पवन जैन सतभैया, जितिन जैन अछरौनी, यश सिंघई, मंडलेश्वर राजा मुकेश जैन वीडियो, दीपक जैन, पदम चंद जैन रानीपुर, प्रिंस जैन, जिनेन्द्र जैन बंगलाघाट, सौरभ जैन महरौनी, सीए रूपाली जैन, आरती जैन, मेघा जैन सहित अनेकों इन्द्र इंद्राणियों स्वरूप में बग्घियों पर सवार होकर निकले श्रद्धालुओं ने जगह जगह घरों एवं प्रतिष्ठानों के बाहर पुष्पवर्षा, मिष्ठान वितरण कर स्वागत सत्कार किया।

सायंकालीन महाआरती करने का सौभाग्य श्रीमति कल्पना-शान्तकुमार जैन, ममता-प्रदीप जैन, रश्मि-सनी जैन, निकिता-सजल जैन चैनू परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के मुख्य मार्गदर्शक अजित जैन, अध्यक्ष संजय सिंघई, कार्याध्यक्ष खुशाल जैन, मुख्य संयोजक दिनेश जैन डीके, परम संरक्षक हुकुमचंद जैन, मुख्य सलाहकार रमेश चंद्र जैन अछरौनी, जिनेन्द्र सर्राफ, प्रदीप जैन चैनू, उपाध्यक्ष वरुण जैन, रविन्द्र जैन चिरगांव, आलोक जैन विश्वपरिवार, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र जैन, ऑडिटर प्रभात जैन, जिनेन्द्र जैन, संयोजकगण शरद जैन, सचिन सर्राफ, दीपांक जैन, विशाल सिंघई, देवव्रत बब्लू, कमल भुचेरा, सौरभ जैन बैंक, प्रमोद जैन वैरायटी, राजेश जैन लाला, प्रमोद जैन बब्बा, कमलेश जैन कामरेड, सौरभ कामरेड, अनमोल जैन, प्रयास जैन, अंशुल जैन, आयुष जैन सहित सैंकड़ों श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार मंच संयोजक अंकित सर्राफ एवं यश सिंघई ने व्यक्त किया।

### आज आयेगा महाराजा आदिकुमार को वैराग्य

आयोजन समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ ने बताया कि आज पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रातःकाल श्रीजी के अभिषेक शांतिधारा पश्चात मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज के मंगल प्रवचन एवं दोपहर 12 बजे युवराज आदिकुमार की बारात, महाराजा नाभिराय का दरबार, राज्याभिषेक, ब्राह्मी सुन्दरी की शिक्षा, षट्कर्मों का उपदेश, निरंजना नृत्य, वैराग्य उत्पत्ति,जिन दीक्षा, वन गमन के मांगलिक दृश्यों का मंचन होगा। रात्रि 8 बजे से आयोजित विराट कवि सम्मेलन में यूपी में बाबा हैज्फेम अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री अनामिका अम्बर द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा।

## ‘परीक्षा पे चर्चा‘ ‘में प्रधानमंत्री ने बताए माइंड एंड हेल्थ मैनेजमेंट के उपाय



**उत्तर बस्तर कांकेर(विश्व परिवार)।** ‘परीक्षा पे चर्चा’ विषय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज पीएम शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय कांकेर में सम्पन्न हुआ। इसी प्रकार से जिले के प्रत्येक हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया, जिसमें जिले के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छात्रों से सीधे संवाद करते हुए परीक्षा के भय एवं तनाव से दूर रहने, परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाने की सलाह दी गई और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के गुण बताए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में लगभग 60 हजार से अधिक बच्चों ने लाईव कार्यक्रम देखा। कार्यक्रम प्रात: 11 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था स्कूल षिक्षा विभाग द्वारा की गई थी। ताकि सभी विद्यार्थी लाईव कार्यक्रम देख सकें। उन्होंने बताया कि जिले के अन्य विद्यालयों में पूर्व से ही इस कार्यक्रम की तैयारी की गई थी, जहां टीव्ही सेट एवं प्रोजेक्टर हैं वहां पर आसपास के अधिक से अधिक छात्रों को आमंत्रित कर लाईव कार्यक्रम दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों के प्रश्नों का जवाब सहजता से दिया और उनकी जिज्ञासाओं को दूर किया। जिले के कार्यक्रम में भी छात्र-छात्राओं ने अनुशासित होकर ध्यान से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखा। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के दौरान अपनी जिज्ञासाओं को दूर करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी से सवाल पूछे गये, जिस पर उन्होंने बच्चों को सटीक जवाब दिया।

### चोटिया खदान के डंपिंग क्षेत्र में पहुंचा हाथियों का दल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा के कटघोरा वनमंडल में हाथियों की मौजूदगी ने सभी को परेशान कर रखा है। केंदई रेंज के चोटिया खदान डंपिंग के पास हाथियों के झुंड को देखकर हडकंप मच गया। जंगली हाथियों की भीड़ को देखकर ग्रामीण सहम गए। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को खदेडने के प्रयास में जुट गई है।कोरबा के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों के साथ ही वन विभाग के लिए हाथी किसी नासूर से कम नहीं है। रिहायशी ईलाके में जंगली हाथियों के पहुंचने से समस्या काफी बढ़ जाती है। ऐसा ही कुछ एक बार फिर से हुआ। केंदई रेंज के चोटिया ईलाके में हाथियों का दल अचानक पहुंच गया। खदान डंपिंग के पास हाथियों को देखकर ग्रामीण सहम गए। हाथियों के कारण दहशत से भरे ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें खदेडने में जुट गई। हाथियों के कारण फिलहाल किसी तरह की जनहानी की सूचना नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### निकाय चुनाव के पूर्व 5 हजार लीटर से अधिक शराब जब्त

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर पिछले दो दिनों में पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई के दौरान करीब पांच हजार लीटर से अधिक मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 42 प्रकरणों में 43 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो दिनों की ताबड़तोड़ कार्रवाई में दर्जन भर महिलाओं को शराब का अवैध कारोबार करते पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस ने कई ठिकानों पर शराब की फैक्ट्री भी बरामद किया है तो कई कार्रवाई में लहान का जखीरा जब्त हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों को आबकारी की कठोर धाराओं के तहत जेल दाखिल कराया गया है। चुनाव के दौरान कोचियों और शराब का अवैध कारोबारी पर पुलिस का शिकंजा बरकरार है। जिला पुलिस प्रशासन ने पिछले दो दिनों की कार्रवाई में करीब 5 हजार लीटर से अधिक देशी विदेशी और महुआ शराब का जखीरा अलग अलग ठिकानों से बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कप्तान रजनेश सिंह की अगुवाई में टीम ने पिछले दो दिनों से लगातार कार्रवाई कर बाहरी राज्यों का शऱाब भी बरामद किया है। महिला समेत करीब तीन दर्जन से अधिक लोगों को जेल दाखिल कराया है। आपरेशन प्रहार के दौरान पुलिस ने दो दिनों में शराब के अवैध कारोबार के कुल 42 से अधिक प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस कप्तान रजनेश सिंह ने बताया कि जिले में सामान्य दिनों की तरह ही चुनावी समय में भी नशे के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### मतदान से पहले प्रत्याशियों ने मतदाताओं को पैसे देकर लुभाने की कोशिशें की

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय चुनाव में मतदान से पहले प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को पैसे देकर लुभाने की कोशिशें जारी हैं। इसी कड़ी में बिलासपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 7 कालिका नगर में एक निर्दलीय प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी को कथित रूप से पैसे बांटते रंगे हाथों पकड़ लिया। विवाद बढ़ने पर भाजपा प्रत्याशी ने नोटों से भरा लिफाफा नाले में फेंक दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।रविवार सुबह भाजपा प्रत्याशी श्याम कार्तिक वर्मा मतदाताओं को पैसे बांटने के लिए लिफाफे लेकर पहुंचे थे। इसकी सूचना मिलने पर निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी जितेंद्र भावे मौके पर पहुंचे और श्याम वर्मा को रोक लिया। जब वहां मौजूद अन्य लोगों ने विरोध जताया, तो श्याम वर्मा ने अपने पास रखा नोटों से भरा लिफाफा नाली में फेंक दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें भाजपा प्रत्याशी श्याम कार्तिक वर्मा को निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र भावे पहले समझाते हैं कि मना करने के बाद भी चुनाव में गड़बड़ कर रहे हो. इस दौरान अन्य व्यक्ति कहता है लगाऊं फोन, श्याम वर्मा कहता है, किसे लगना है. जवाब आता है चुनाव आयोग को फोन लगता हूं ना. जिसके बाद श्याम वर्मा पलटकर जेब में रखे लिफाफे को नाले में फेंक देता है. निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थक नाले में कूदकर फेंके गए लिफाफों को बाहर निकलते हैं.

### चुनाव के पूर्व वारंटियों की हुई ताबड़तोड़ गिरफ्तारी

**बलौदाबाजार-भाटापारा(विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वारंट तामिली का विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी एवं असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन्हें चिन्हित करने का कार्य संपादित किया गया। संपूर्ण अभियान के तहत पुलिस की टीम द्वारा वारंटियों के निवास, छिपने के संभावित ठिकानों में आकस्मिक दबिश दिया गया। इस दौरान आज दिनांक 09.02.2025 को थाना सिटी कोतवाली में 08 स्थाई वारंट, थाना सिमगा में 06 स्थाई वारंट, थाना हथबंद एवं चौकी करहीबाजार द्वारा 01-01 स्थाई वारंट कुल 16 स्थाई वारंट तामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त कुल 08 गिरफ्तारी वारंट एवं अन्य वारंट भी तामिल किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण अभियान में सफलतापूर्वक कुल 50 स्थाई वारंट, गिरफ्तारी एवं अन्य वारंट तामिल किया गया है।

### चुनाव के पहले पकड़ाई एक करोड़ की शराब

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर के चकरभाठा थाना क्षेत्र के छतवना में निकाय चुनाव के बीच एक करोड़ रुपए की अंग्रेजी शराब पकड़ी गई है। कंटेनर के अंदर से एक हजार पेटी शराब बरामद किया गया है। इस शराब को गोवा से भूटान के लिए फर्जी परमिट पर भेजा जा रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग, स्टेट और डिविजनल टीम ने एक्शन लिया है। पुलिस ने ड्राइवर और डिलीवरी मैन को भी गिरफ्तार किया है।

## नाबालिग वर के विवाह को रुकवाया प्रशासन की टीम ने, परिजनों को दी समझाइश

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में बाल विवाह के रोकथाम के लिए कलेक्टर के मार्गदर्शन में गठित जिला प्रशासन की संयुक्त टीम को एक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार जिला दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत छोटे तुमनार में बाल विवाह होने की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन दंतेवाड़ा को प्राप्त हुई थी। इसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए चाइल्ड हेल्प लाईन, पुलिस थाना गीदम, परियोजना गीदम एवं जिला बाल संरक्षण इकाई दंतेवाड़ा की संयुक्त टीम ने विवाह कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर वर एवं वधु का आयु का सत्यापन किया, जिससे वधु द्वारा बताये गये आयु एवं वर के शैक्षणिक प्रमाण-पत्र में उल्लेखित जन्मतिथि के अनुसार वधु की आयु पूर्ण पाई गई परन्तु वर की वैधानिक आयु, विवाह हेतु पुर्ण नहीं थी। थे। जहाँ कार्यवाही के दौरान वधु पक्ष द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेज अनुसार वधु की वर्तमान आयु 20 वर्ष 9 दिन उल्लेखित थी। परन्तु वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण नहीं होना पाया गया। इसके मद्देनजर वर के कम आयु होने पर प्रशासन की टीम द्वारा वर वधु के परिजनों को समझाइश देते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियमों से अवगत कराया गया। तत्पश्चात वर पक्ष, बालक के विवाह की वैधानिक आयु पूर्ण होने से पहले विवाह नहीं कराए जाने पर सहर्ष राजी हो गए। इसके साथ ही ग्राम छोटे तुमनार के वासियों द्वारा भी भविष्य में गांव में अपनी ओर से बाल विवाह नहीं होने देने का वादा भी किया गया। विवाह कार्यक्रम स्थल पर वर-वधु पक्ष के परिवार के लोगों को उपस्थित समिति द्वारा समझाइश देते हुए बताया गया कि बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनन अपराध भी है, ऐसे विवाह में शामिल माता-पिता, रिश्तेदार, पुरोहित सभी अपराधी माने जा सकते हैं तथा बाल विवाह करने और कराने वाले को दो वर्ष तक कारावास एवं एक लाख रुपए तक जुर्माना भी हो सकता है। दोनों पक्षों की सहमति से समिति द्वारा कार्यवाही पूर्ण कर वधु को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में समिति के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई को निर्देशित किया गया है कि, निर्धारित समय अनुसार, बाल विवाह का फॉलोअप किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## आयुष्मान योजना में गड़बड़ी, चार अस्पतालों को नोटिस

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** आयुष्मान योजना गरीबों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य बीमा योजना है. लेकिन इस योजना में फर्जीवाड़ा का मामला है. सरल भाषा इसे आप बीमा घोटाला भी कह सकते हैं. इस घोटाले के घेरे में शहर के 4 बड़े अस्पताल आ गए हैं. इसका खुलासा स्वास्थ्य विभाग की राज्य स्तरीय छापेमारी में हुई है. दरअसल, स्वास्थ्य विभाग को यह शिकायतें मिल रही थी कि भारत सरकार की मुफ्त स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत में कई अस्पताल गड़बड़ी कर रहे हैं. इस शिकायत के बाद विभागीय अधिकारियों की टीम ने निजी अस्पतालों में छापेमारी की. छापेमारी के बाद शहर के 4 बड़े अस्पताल नोबल, महादेव, शिशु भवन और एलाइट हॉस्पिटल को नोटिस भेजा गया है. बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के इन अस्पतालों की ओर से मरीज के इलाज के नाम पर करोड़ों रुपए के फर्जी क्लेम किए गए. आयुष्मान योजना के तहत गरीब महिलाओं के प्रसव के दौरान जन्म लेने वाले स्वस्थ बच्चों को कुपोषित दिखाकर सरकार से ज्यादा पैसे लिए गए. लगातार मिल रही शिकायतों के बाद भारत सरकार ने स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखा था, जिसके बाद स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने हेल्थ कमिश्नर को टीम गठन कर जांच की जवाबदारी सौंपी थी. हेल्थ कमिश्नर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने 14 टीमों का गठन कर रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के अस्पतालों की जांच कराई, जिसमें फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा हुआ है.

### न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट बच्चे का किया गया सफल ऑपरेशन

**उत्तर बस्तर कांकेर(विश्व परिवार)।** जिले के ग्राम तेलावट निवासी टीकम कुमार मंडावी और देववती की पुत्री तान्या का जन्म 26 सितम्बर को तेलावट में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में हुआ था, जिसमें बच्ची की कमर के निचले हिस्से में छोटे और असामान्य आकार का फोड़ा दिखाई दिया, जिसे तेलावट के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा चिरायु टीम बी धनेलीकन्हार से संपर्क कर बच्चे के बारे में जानकारी दी गई कि वह फोड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। इसका पता चलते ही चिरायु टीम के द्वारा जाकर उसका परीक्षण करने से पता चला की बच्ची को ‘स्पाइना बिफिडा’ था जो न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट नामक जन्मजात बीमारी के अंतर्गत आता है, जिसका इलाज चिरायु टीम द्वारा डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर में सफल ऑपरेशन करवाया गया और बच्ची का फॉलोअप किया जा रहा है। अभी बच्ची वर्तमान में स्वस्थ है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया, डॉ सुनील सोनी जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशांक गुप्ता की सहायता से चिरायु टीम बी की टीम लीडर के सहयोग से बच्ची का सफल इलाज कराया गया एवं बच्ची अभी पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

## चकचकवा पहाड़ी पर स्थित हनुमानगढ़ी में बढ़ गई श्रद्धालुओं की संख्या

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर की चकचकवा पहाड़ी पर स्थित हनुमानगढ़ी का आकर्षण शीत ऋतु में और भी निखर गया है। प्रकृति की हरीतिमा इस स्थान को पहले से ही लोकप्रिय बना चुकी है और अब नेशनल हाईवे पर इसकी स्थिति आने के साथ इसका दायरा और ज्यादा बढ़ता जा रहा है। विभिन्न राज्यों के लोगों की पहुंच धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के लिए यहां लगातार हो रही है। हनुमानगड़ी नामक स्थान की प्राचीनता के बारे में स्पष्ट जानकारी तो नहीं है लेकिन स्थाई लोगों का कहना है कि जब से यह नगर अस्तित्व में आया है तब से यहां की भौगोलिक संरचना में हनुमानगढ़ शामिल है। कई प्रकार की चट्टानों की उपस्थिति में काफी ऊंचाई पर श्री राम और हनुमान के प्राचीन मंदिर हैं। यहां पर एक स्थान पर दो पैरों के निशान बने हुए हैं। जिनके बारे में की बदलती है कि महाभारत काल में वनवास के समय भीम अपने भाइयों के साथ यहां पहुंचे थे। कोरबा जिला गठन के बाद इस स्थान को विकसित करने के लिए काफी प्रयास किए गए । कटघोरा में नागरिकों की एक समिति ने इस स्थान को पहचान देने के लिए जरूरी पहल की और इस दिशा में कई प्रकार से प्रयत्न किया। कालांतर में अशोक अग्रवाल की कलेक्टर के रूप में पद स्थापना होने पर हनुमानगढ़ को नया स्वरूप देने के लिए कई प्रकार के काम कराए गए हनुमानगढ़ में श्री राम का भव्य मंदिर बनाया गया और शिव पंचायतन की भी व्यवस्था की गई। कटघोरा अंबिकापुर मार्ग पर बाय पास के नजदीक पहाड़ी पर स्थित हनुमानगढ़ी समय के साथ एक विशिष्ट स्थान बन चुका है। पहाड़ी से कटघोरा नगर और आसपास का नजारा लोगों को काफी आकर्षित करता है। छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से कई प्रकार के कार्यों को करने की आवश्यकता यह यहां के लोग महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पर्यटन की असीम संभावनाएं इस इलाके में मौजूद है इसलिए इस पर विचार करने के साथ विभिन्न कार्यों को क्रियान्वित कराया जाना चाहिए।

## गंभीर मामले में अधीक्षिका को बचाया या अपना आर्थिक उद्देश्य पूरा किया ?

### व्यक्तिगत हित साधने, कस्तूरबा की अधीक्षिका को हटाया ?




**गरियाबंद । (विश्व परिवार)** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गरियाबंद में विगत तीन वर्ष से पदस्थ अधीक्षिका को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बीच एकाएक अन्ययंत्र पदस्थ किए जाने से यह मामला नगर एवं शिक्षा जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त सूत्रों के हवाले से यह जानकारी निकालकर आ रही है कि आजकल शिक्षा विभाग में महज एक से डेढ़ लाख में कोई भी शिक्षक/ कर्मचारी अपने मनपसंद स्थान में पदस्थापना करवा सकता है। ऐसे सैकड़ो उदाहरण जिले में उपलब्ध है, जिन्होंने पैसे या पहुंच के आधार पर अपनी पदस्थापना करवा रखी है।

सूत्रों का यह भी कहना है कि ऐसे सभी कर्मचारी जो लाभ के पद पर बने हुए हैं यदि वे अपने उच्च अधिकारियों को समय-समय पर उनकी मांग अनुसार राशि उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उच्च अधिकारी अपने आर्थिक लाभ के उद्देश्य की पूर्ति हेतु कोई भी हथकंडा अपनाने से पीछे नहीं हटते जो कर्मचारी /अधीक्षक अपने अधिकारियों की इच्छा अनुसार सहयोग नहीं करता उसे अकारण किसी ना किसी प्रकार का दोष लगाकर उसे हटाने का प्रयास किया जाता है, तब भी अगर ऐसे कर्मचारी सामंजस्य नहीं बनाते हैं तो उन्हे हटाकर उस पद पर किसी अन्य को पैसा लेकर पदस्थ कर दिया जाता है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पदस्थ अधीक्षिका को एकाएक हटाने से व अधीक्षिका के कथन से सूत्रों की जानकारी पूर्णतः सत्य प्रतीत होता है।

जानकारों का कहना है कि यदि अधीक्षिका के विरुद्ध कोई गंभीर शिकायत प्राप्त हुई थी तो उन्हें जांच के बाद निलंबित कर देना था या उनके खिलाफ विभागीय जांच करते। विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित होने पर दंड निर्धारित किया जाता, इस प्रकार शिकायत के आधार पर पदस्थापना करना उचित नहीं है। प्रशासनिक कार्य व्यवस्था के नाम पर यह खेल बहुत पुराना है। किंतु वर्तमान में इस प्रकार का मामला बढ़ते जा रहा है। शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों का कहना है कि अनुकंपा नियुक्ति ,पदोन्नति, अवकाश स्वीकृत, समय मान, वेतनमान, और अन्य कार्यों तक तो ठीक था पर अब अधिकारियों ने अपना हद पार कर दिया है, प्रशासनिक कार्य व्यवस्था सुधार के नाम पर छोटी-छोटी बातों में नोटिस जारी कर एग्रीमेंट रोकने निलंबित करने के नाम पर प्रत्येक नोटिस के जवाब में 5 से 10 रुपए की मांग की जाती है जो पैसा नहीं देता उसे सस्पेंड कर बाद में बहली के नाम पर एक से दो लाख ऐठना सामान्य हो गया है। प्राप्त जानकारी व विभागजनों की राय है कि यदि आरोप गंभीर प्रवृत्ति का है तो अधीक्षिका को प्रारंभिक जांच उपरांत तत्काल निलंबित कर देना था, उसके बाद किसी को भी प्रभाव दिया जा सकता था। किंतु गंभीर आरोप में बिना जांच पूर्ण किए वर्तमान अधीक्षिका के स्थान पर किसी अन्य शिक्षिका को पदस्थ करना जिला प्रशासन कि दूषित कार्य शैली वह भ्रष्ट आचरण को दर्शाता है।

## व्यापार समाचार

### एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए स्पेनिश टीमें भुवनेश्वर पहुंची

**नईदिल्ली।** स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें एक साथ सोमवार को भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। ये टीमें भारत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के मैच खेलने आई हैं। पुरुष टीम 15 और 16 फरवरी को मेजबान भारत के खिलाफ खेलेगी, फिर 19 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला होगा। वहीं, महिला टीम 15 और 16 फरवरी को जर्मनी से भिड़ेगी और 19 फरवरी को भारत के खिलाफ खेलेगी। अभी तक, दोनों स्पेनिश टीमें अपनी अंक तालिका में कमजोर स्थिति में हैं और जीत हासिल कर प्रो लीग अभियान में अपनी स्थिति सुधारना चाहती हैं। पुरुष टीम चार मैचों में सिर्फ एक जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है। महिला टीम चार मैच खेल चुकी है, लेकिन अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई है और आठवें स्थान पर है। भुवनेश्वर पहुंचने पर स्पेन की पुरुष टीम के कप्तान अल्वारो इग्लेसियस ने कहा, हम भारत लौटकर बहुत उत्साहित हैं। हमने ऑस्ट्रेलिया में चार मैच खेले, लेकिन हमें अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। यहां हम अधिक मैच जीतने की कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी कहा, भारत में खेलना हमें हमेशा अच्छा लगता है क्योंकि यहां हॉकी बहुत लोकप्रिय है और स्टेडियम दर्शकों से भरा होता है। अभी तक, दोनों स्पेनिश टीमें अपनी अंक तालिका में कमजोर स्थिति में हैं और जीत हासिल कर प्रो लीग अभियान में अपनी स्थिति सुधारना चाहती हैं। पुरुष टीम चार मैचों में सिर्फ एक जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है। महिला टीम चार मैच खेल चुकी है, लेकिन अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई है और आठवें स्थान पर है।

### ऑयलर मोटर्स ने रायपुर में अपनी पहली डीलरशिप के लिए मेपल ड्राइव के साथ की पार्टनरशिप

**रायपुरः** इलेक्ट्रिक कमर्शियल व्हीकल बनाने वाली प्रमुख कंपनी ऑयलर मोटर्स ने मेपल ड्राइव के साथ पार्टनरशिप में रायपुर में अपनी पहली डीलरशिप से छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया है। डीडीयू नगर सर्विस रोड पर स्थित यह डीलरशिप कंपनी का देश भर में 25वां शोरूम है। मध्य भारत में रायपुर तेजी से लॉजिस्टिक्स और उद्योग का केंद्र बन रहा है, जिससे यह ईवी को अपनाने के लिए एक बेहतरीन जगह बन जाता है। डीलरशिप ऑयलर मोटर्स के प्रमुख कमर्शियल व्हीकल, हाईलोड ईवी 32 और स्टॉर्म ईवी 42 को दर्शाएगा , जिन्हें क्रमशः 688 किलोग्राम और 1250 किलोग्राम की सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास पेलोड कैपेसिटी के लिए जाना जाता है। दोनों वाहन बेहतर संचालन के लिए बनाए गए हैं और एफएमसीजी, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स जैसी इंडस्ट्री की जरूरतों को पूरा करते हैं। हाईलोड ईवी में इनबिल्ट फास्ट चार्जिंग है, जबकि स्टॉर्म ईवी शहर के अंदर और बाहर चलाने के लिए बढ़िया है। स्टॉर्म ईवी ष्टष्टस् और ष्टष्ट001 फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करता है, जिससे 15-30 मिनट में 100 किमी की रेंज मिलती है। स्टॉर्म ईवी में ष्ठस् तकनीक से अतिरिक्त सुरक्षा मिलती है। लिक्विड कूलिंग और ढ्ढ थर्मल मैनेजमेंट जैसी एडवांस तकनीक बैटरी को ठंडा रखती हैं और बेहतरीन परफॉर्मेंस देती हैं, जिससे ये वाहन अंतिम-मील डिलीवरी और कार्गो ट्रांसपोर्ट के लिए शानदार हैं। इस लॉन्च पर हर्ष जताते हुए ऑयलर मोटर्स के फाउंडर और सीईओ सौरव कुमार ने कहा, छत्तीसगढ़ का तेज़ औद्योगिक विकास और मजबूत नीतियां इसे इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक बेहतरीन बाजार बनाती हैं। रायपुर, जो लॉजिस्टिक्स और व्यापार का बढ़ता केंद्र है और ईवी अपनाने की बड़ी संभावनाएं रखता है। इस डीलरशिप के जरिए हम अपने आधुनिक कमर्शियल ईवी को स्थानीय व्यवसायों तक पहुँचाना चाहते हैं, ताकि वे बिना किसी प्रदर्शन या दक्षता से समझौता किए, टिकाऊ परिवहन अपना सकें। यह पहल न केवल आर्थिक विकास को बढ़ाएगी बल्कि इस क्षेत्र में ग्रीनर ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगी। इस डीलरशिप में एक आधुनिक सर्विस सेंटर होगा, जिसे प्रशिक्षित टेक्नीशियनों द्वारा संचालित किया जाएगा। यह सुनिश्चित करेगा कि लॉजिस्टिक्स ऑपरेटर्स को कम से कम डाउनटाइम मिले और उनकी गाड़ियों की परफॉर्मेंस शानदार बनी रहे। शोरूम में आने वाले ग्राहक गाड़ियों का लाइव डेमो देख सकते हैं, टेस्ट ड्राइव ले सकते हैं और ईवी अपनाने को आसान बनाने के लिए खास फाइनेंसिंग ऑप्शंस का फायदा उठा सकते हैं। ऑयलर मोटर्स देशभर में अपनी 25 डीलरशिप के साथ कमर्शियल ईवी को आगे बढ़ा रहा है। कंपनी अपने बढ़ते रिटेल नेटवर्क और नए प्रोडक्ट्स के जरिए फाइनेंशियल ईयर 2025 तक 15त्न मार्केट शेयर हासिल करना चाहती है। इसका लक्ष्य भारत में टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देना है, खासकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में। यह विस्तार भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को अपनाने की दिशा में ऑयलर मोटर्स की मजबूत प्रतिबद्धता को दिखाता है।

### मॉडर्न लाइफस्टाइल के लिए परफेक्ट कूलिंग - सैमसंग बेस्पोक एआई विंडफ्री™ एसी रेंज

**गुरुग्रामः** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांडसैमसंगने अपनी2025 बेस्पोक AI विंडफ्री™ एयर कंडीशनर रेंजलॉन्च की है,जो भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। अत्याधुनिक एआई तकनीक,ऊर्जा कुशल प्रदर्शन और आधुनिक जीवनशैली में सहज समावेश के साथ,यह नई रेंज न केवल भारतीय गर्मियों के लिए कूलिंग के अनुभव को नए स्तर पर ले जाती है बल्कि घरों में आरामदायक माहौल भी बनाए रखती है। AI फास्ट एंड कम्फर्ट कूलिंगतकनीक से लैस ये एयर कंडीशनर कमरे का तापमान तेजी से कम करते हैं और फिर धीरे-धीरे विंडफ्री™ कूलिंगमें बदल जाते हैं। यह अनूठी तकनीक बिना किसी तेज हवा के कोमल और प्रभावी कूलिंग सुनिश्चित करती है, जो इनडोर और आउटडोर परिस्थितियों के अनुसार खुद को अनुकूलित कर लेती है। यह सिस्टम उपयोगकर्ता की पसंद और आदतों को लगातार सीखकरव्यक्तिगत कूलिंग समाधानप्रदान करता है, जिससे यह भारत के अनिश्चित जलवायु में रहने वाले परिवारों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाता है। विंडफ्री™ कूलिंग तकनीक, अपनेमाइक्रो एयर होल डिज़ाइन के जरिए हवा को समान रूप से फैलाकर स्टिल एयर वातावरण बनाती है, जिससे ठंडक का अहसास होता है लेकिन बिना किसी अप्रिय हवा के झोंकों के। इसके साथढ्ढ एनर्जी मोडभी दिया गया है, जोरियल-टाइम परिस्थितियों और उपयोग के पैटर्नका विश्लेषण कर ऊर्जा की खपत को कम करता है।



## गंभीर तुम राहुल के साथ ठीक नहीं कर रहे हो, केएल राहुल को बैटिंग में नीचे भेजने पर भड़के श्रीकांत

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेल रही है जहां उन्होंने पहले ही सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। अभी तक हुए दो मैचों में भारतीय टीम के लिए काफी कुछ अच्छा रहा है लेकिन एक बड़ी चिंता भी नजर आ रही है और वो चिंता कोई और नहीं बल्कि मध्यक्रम के मुख्य खिलाड़ी केएल राहुल का फॉर्म है। केएल राहुल को मौजूदा सीरीज में खेले गए दोनों मैचों में अक्षर पटेल से भी नीचे छठे नंबर पर भेजा गया है जहां वो बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं। अपनी पिछली चार पारियों में राहुल ने 31, 0, 2 और 10 के स्कोर बनाए हैं। यही कारण है कि पूर्व भारतीय चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत ने गंभीर और टीम प्रबंधन को फटकार लगाते हुए कहा है कि जो भी टीम मैनेजमेंट और गौतम गंभीर केएल राहुल के साथ कर रहे हैं वो सही नहीं है। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मुझे केएल राहुल के लिए बहुत बुरा लग रहा है, अक्षर पटेल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वो राहुल के साथ जो कर रहे हैं वो उचित नहीं है। उसका रिकॉर्ड देखें। नंबर 5 पर उनका रिकॉर्ड शानदार है और बहुत से लोग इसकी बराबरी नहीं कर सकते। मुझे नहीं पता कि टीम प्रबंधन उनके साथ क्या कर रहा है, वो उन्हें नंबर 6 पर धकेल रहे हैं, जहां वो सिर्फ छह या सात रन बना रहे हैं। श्रीकांत ने भारतीय कोच पर उंगली उठाते हुए कहा कि भारत नंबर 6 पर राहुल की क्षमता को 'बर्बाद' कर रहा है और यहां तक कि तर्क दिया कि भारत शीर्ष चार में बाएं-दाएं संयोजन का उपयोग क्यों नहीं करता है, लेकिन केवल नंबर 5 पर करता है। उन्होंने कहा, (गौतम) गंभीर, आप जो कर रहे हैं वो ठीक नहीं है। ये बिल्कुल भी सही नहीं है। ये बहुत अनुचित है। चैंपियंस ट्रॉफी में एक महत्वपूर्ण मुकाबले में, एक अच्छा मौका है कि राहुल फॉर्म में न हों। आपको शीर्ष चार में बाएं-दाएं संयोजन की आवश्यकता नहीं है, लेकिन आपको इसके बाद इसकी आवश्यकता है। ये बहुत अनुचित है। केएल राहुल को नंबर 6 पर क्यों बर्बाद किया जाए? इसके बजाय ऋषभ पंत को खिलाया जाए। इसके कारण, वो राहुल को भी बाहर कर सकते हैं, राहुल के लिए बिल्कुल अनुचित है।

## शार्दुल ठाकुर ने गेंद से बरपाया कहर, रणजी क्वार्टफाइनल में चटकाए 6 विकेट



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर इस समय घरेलू क्रिकेट में धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं। शार्दुल ठाकुर मुंबई के लिए हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2024-25 का तीसरा क्वार्टर फाइनल खेल रहे हैं और इस मुकाबले में उन्होंने हरियाणा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ते हुए 6 विकेट अपने नाम किए। ये शार्दुल की धाकड़ गेंदबाजी का ही असर था कि मुंबई की टीम पहली पारी के आधार पर 14 रन की बढ़त लेने में भी सफल रही। मुंबई की टीम ने पहली पारी में ऑलआउट होने से पहले 315 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा की टीम 301 रनों पर ऑलआउट हो गई। मुंबई के लिए शानदार गेंदबाजी करते हुए शार्दुल ने 18.5 ओवर में 58 रन देते हुए 6 विकेट अपने नाम किए। ठाकुर पिछले काफी समय से बल्ले और गेंद से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन भारतीय चयनकर्ता फिलहाल उनके साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार नहीं दिख रहे हैं। शार्दुल को हाल ही में चुनी गई चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में भी नहीं चुना गया जबकि गेंद के साथ वो जिस लय में चल रहे हैं वो भारतीय टीम के लिए एक एसेट साबित हो सकते हैं। अगर इस मैच में शार्दुल की बल्लेबाजी की बात करें तो पहली पारी में उन्होंने 15 रन बनाए। अभी शार्दुल के पास बल्ले और गेंद के साथ एक-एक पारी है और वो चाहेंगे कि ना सिर्फ अपनी टीम की जीत में भूमिका निभाएं बल्कि खुद भी ऐसा प्रदर्शन करें कि उनके प्रदर्शन की गूंज चयनकर्ताओं तक पहुंचे। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में 11 फरवरी तक बदलाव हो सकता है लेकिन ऐसा लग नहीं रहा कि भारतीय टीम मैनेजमेंट कोई बदलाव करने के मूड में है।

## जो रूट ने बनाया नया रिकॉर्ड, इस मामले में इयोन मोर्गन को छोड़ा पीछे, बने नंबर 1



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही वनडे सीरीज में भारत ने दूसरा मैच चार विकेट से जीतकर सीरीज अपने नाम कर लिया है. भारत की तरफ से रोहित शर्मा ने शानदार शतक लगाया. इस मैच में इंग्लैंड के जो रूट ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया, जिस पर शायद ही किसी का ध्यान गया हो. उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का रिकॉर्ड तोड़ दिया और नंबर वन पर पहुंच गए है. आइए जानें रूट ने कौन सा रिकॉर्ड तोड़ा है और नंबर 1 बन गए हैं. इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. इंग्लैंड ने अपना पहला विकेट 81 रन पर गंवा दिया था. इसके बाद जो रूट बल्लेबाजी करने आए. उस समय इंग्लैंड के बाकी बल्लेबाज एक-एक करके आउट होते जा रहे थे, लेकिन जो रूट ने बहादुरी से खेला. रूट ने हमेशा भारतीय टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है और इस बार भी उन्होंने खुद को साबित किया. उन्होंने 72 गेंदों पर 69 रन बनाए, जिसमें 6 चौके शामिल थे. जो रूट के अलावा बेन डकेट ने भी अच्छी पारी खेली और 65 रन बनाए. लेकिन इंग्लैंड की ओर से सबसे बड़ी पारी जो रूट की रही. उनकी पारी की बदौलत ही इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ 304 रन बना पाई. जो रूट ने इस मैच में एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. वह इंग्लैंड की ओर से वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 50+ रन की पारी खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. इससे पहले यह रिकॉर्ड इयोन मोर्गन के नाम था, जिन्होंने 55 बार 50 से ज्यादा रन बनाए थे. इस मैच से पहले रूट और मोर्गन बराबरी पर थे, लेकिन अब रूट 56 बार ये कमाल कर मोर्गन से आगे निकल गए हैं. जो रूट को भले ही टेस्ट क्रिकेट का खिलाड़ी माना जाता हो, लेकिन उन्होंने वनडे में भी जबरदस्त खेल दिखाया है.

## रोहित शर्मा का धुआंधार शतक के साथ फॉर्म में लौटना टीम इंडिया के लिए शुभ संकेत



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म में लौटना टीम इंडिया के लिए शुभ संकेत है। रोहित ने अपनी हिटमैन इमेज के साथ न्याय करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में शानदार शतकीय पारी खेली और एक बार चिर-परिचित अंदाज में दिखाई दिए। रोहित ने धुआंधार पारी खेलते हुए केवल 90 गेंदों पर 119 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा को इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिया गया क्योंकि भारत ने इंग्लैंड द्वारा बनाए गए 304 रनों के स्कोर के जवाब में 44.3 ओवर में ही 308 रन बनाकर मैच और सीरीज जीत ली है। हालांकि, तीन मैचों की सीरीज में एक और मुकाबला अभी बाकी है। रोहित का अंदाज शानदार रहा क्योंकि उन्होंने 76 गेंदों पर यह शतक लगाकर अपने वनडे करियर की दूसरी सबसे तेज सेंचुरी लगाई। खराब फॉर्म से जूझ रहे किसी दिग्गज के लिए यह आंकड़ा उसकी क्लास को बयां करने के लिए काफी है। यह हेड कोच गौतम गंभीर के उस बयान से भी पूरी तरह मेल खाता है कि रोहित और कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों में देश के लिए खेलने और रन बनाने की भूख अभी बहुत बाकी है। रोहित ने इससे पहले सबसे तेज शतक 63 गेंदों पर दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया था। कुल मिलाकर यह रोहित की वापसी है और आगे उनको यह लय बरकरार रखनी होगी। वह ऐसा करेंगे तो भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी जैसे एक और बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। इससे पहले रोहित की अगुवाई में भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप जीता था। रोहित ने एक कप्तान के तौर पर भी यह शानदार जीत हासिल की। ऐसे कप्तान जिन्होंने 50 वनडे मैच में टीम का नेतृत्व किया, उनमें रोहित का स्थान भी ऊंचा है। वह अब तक 36 वनडे जीत दर्ज कर चुके हैं। इस मामले में क्लाइव लॉयड, रिकी पोंटिंग और विराट कोहली जैसे कप्तान 39 जीत दर्ज कर चुके हैं। भारतीय टीम इस मुकाबले में विराट कोहली के साथ उतरी थी। हालांकि, भारत के पूर्व कप्तान 8 गेंदों पर 5 रनों की पारी खेलने के बाद आदिल रशीद की गेंद पर आउट हो गए। उनको लय में आना अभी बाकी है। भारतीय उपमहाद्वीप में पिचों की प्रकृति और वनडे फॉर्मेट में कोहली के शानदार रिकॉर्ड को देखते हुए माहौल विराट के अनुकूल है। उनको भी सिर्फ एक अच्छी पारी की दरकार है।

## डेब्यू मैच में साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रिट्ज्क ने तोड़ा47 साल पुराना रिकॉर्ड



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** पाकिस्तान में खेली जा रही त्रिकोणिय सीरीज में गद्दाफी स्टेडियम में खेले जा रहे न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका वनडे में एक नया इतिहास रचा गया है. साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज ने अपने डेब्यू मैच में इतने रन बना दिए हैं जितने पहले नहीं बने. ये एक रिकॉर्ड बन गया है. इस बल्लेबाज ने 47 साल पुराने वेस्टइंडीज के बल्लेबाज के रिकॉर्ड को तोड़ा है. साउथ अफ्रीका के 26 साल के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रिट्ज्क ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से अपने वनडे करियर की शुरुआत की. वे ओपनिंग करने आए थे और ऐसी पारी खेली की 47 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया. मैथ्यू ने 148 गेंद में 11 चौके और 5 छक्के लगाते हुए 150 रन बनाए. वनडे में डेब्यू करते हुए क्रिकेट इतिहास की ये सबसे बड़ी पारी है. वनडे में डेब्यू करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड अबतक वेस्टइंडीज के डेसमंड हेंस के नाम था. 22 फरवरी 1978 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 148 रन की पारी खेली थी. इसके बाद अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज हैं. 21 जनवरी 2021 में आयरलैंड के खिलाफ गुरबाज ने 127 रन की पारी खेली थी. साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को इस मैच में जीत के लिए 305 का लक्ष्य दिया है. टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग करने को मजबूर साउथ अफ्रीका के लिए मैथ्यू के 150 के अलावा वियान मुल्डर ने 64, जेसन स्मिथ ने 41 और कप्तान तेंबा बवुमा ने 20 रन बनाए. न्यूजीलैंड ने पिछले मैच में 330 रन बनाए थे और पाकिस्तान को 78 रन से हराया था. अगर वे 305 रन बनाकर मैच जीतने में कामयाब रहे तो त्रिकोणिय सीरीज के फाइनल में पहुंच जाएंगे.

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इंडिया एनर्जी वीक 2025 में सतत गतिशीलता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत किया

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 11 से 14 फरवरी 2025 के दौरान दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 में अपनी भागीदारी दर्ज की। इसके तहत कंपनी ने 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता और 2070 तक नेट जीरो के लिए भारत के दर्शन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इंडिया एनर्जी वीक (भारत ऊर्जा सप्ताह, आईईडब्ल्यू) 2025 ऊर्जा आत्मनिर्भरता को साकार करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यावहारिक और स्केलेबल स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करता है। यह कार्यक्रम वैश्विक राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, विचारकों, विशेषज्ञों और अंतिम उपयोगकर्ताओं को ऊर्जा परिदृश्य, प्रौद्योगिकियों, उद्योग के रुझानों और नीति दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाता है।

स्वदेशी हरित ऊर्जा से संचालित निरंतर जारी रहने वाली गतिशीलता समाधान प्रदान करने पर विशेष ध्यान देते हुए, टीकेएम ने अपने बहु-मार्ग दृष्टिकोण के अनुरूप विभिन्न वैकल्पिक पावरट्रेन प्रदर्शित किए। ये गति और पैमाने पर परिवर्तन लाने के लिए समय की आवश्यकता को दर्शाते हैं। कई हरित ऊर्जा मार्ग हैं जिनमें विद्युतीकरण और वैकल्पिक ईंधन शामिल हैं जो परिवहन क्षेत्र को जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता कम करने और कार्बन पदचिह्न को कम करने में मदद कर सकते हैं। भारत के ऊर्जा मिश्रण, इसके विविध उपभोक्ता प्रोफ़ाइल और ज़रूरतों, बुनियादी ढाँचे की तत्परता और सरकार की 'आत्मनिर्भर' होने की चाह को देखते हुए, टीकेएम 'मेक इन इंडिया' पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के लिए प्रासंगिक विभिन्न स्वच्छ तकनीकों को विकसित करने का प्रयास कर रहा है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में, टोयोटा ने आईईडब्ल्यू में जो कुछ प्रदर्शित किया है वह निम्नलिखित को कवर करता है:

स्ट्रांग हाईब्रिड इलेक्ट्रीक व्हेकिल (मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन - एसएचईवी): इनोवा हाइक्रॉस (एसएचईवी) असाधारण रूप से कुशल हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम और ई20 अनुकूल होना प्रदर्शित करता है

फ्लेक्स-फ्यूल प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हेकिल प्रोटोटाइप (एफएफवी-पीएचईवी): प्रियस (एफएफवी-पीएचईवी) की विशेषता जो विद्युतीकरण और इथेनॉल (जैव ईंधन) के 100त्न तक उपयोग के दोहरे लाभ का मेल है, जिससे वेल-टू-व्हील आधार पर सबसे कम कार्बन फुटप्रिंट मिलता है

अर्बन बैटरी इलेक्ट्रिक व्हेकिल (बीईवी) अवधारणा: भविष्योन्मुखी डिजाइन और प्रदर्शन पर केन्द्रित एक ऑल इलेक्ट्रीक वाहन का प्रदर्शन करता है

फुएल सेल इलेक्ट्रिक वाहन (एफसीईवी): भविष्य के ईंधन के रूप में हाइड्रोजन द्वारा संचालित मिराई (एफसीईवी) पर प्रकाश डाला गया

इलेक्ट्रिक वाहन उप-प्रणाली: स्थानीय स्तर पर निर्मित ई-ड्राइव, सामान्य पावरट्रेन उप-प्रणाली जो सभी विद्युतीकृत वाहनों के अंदर जाती है

आगे बढ़ते हुए, भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि और नए वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी को देखते हुए, विद्युतीकृत वाहनों की पूरी रेंज के साथ-साथ वैकल्पिक ईंधन से चलने वाली प्रौद्योगिकियों सहित सभी स्वच्छ प्रौद्योगिकियां समय की मांग है। इस संदर्भ में, इथेनॉल एक स्वदेशी और स्वच्छ ऊर्जा स्रोत होने के नाते भारत के लिए तत्काल लाभ की जबरदस्त क्षमता रखता है, क्योंकि यह जीवाश्म ईंधन की खपत, ऊर्जा आयात बिल और कार्बन उत्सर्जन को काफी कम कर सकता है। कृषि आधारित होने के कारण, ईंधन के रूप में इथेनॉल का अधिक उपयोग किसानों की आय में भी वृद्धि करेगा और नए रोजगार सृजित करेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने के अलावा अधिशेष चीनी और खाद्यान्न से सरकार के लिए राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। सरकार ने हाल ही में पराली जैसे कृषि अवशेषों से इथेनॉल बनाने के लिए दूसरी पीढ़ी की तकनीक शुरू की है , जिसे वर्तमान में जला दिया जाता है

इस कार्यक्रम में उपस्थित, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - कॉर्पोरेट मामले व प्रशासन, श्री विक्रम गुलाटी ने कहा, इंडिया एनर्जी वीक (भारत ऊर्जा सप्ताह) ऊर्जा, गतिशीलता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वालों को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे जागरूकता पैदा होती है और स्वच्छ ऊर्जा तथा निरंतर जारी रहने वाली गतिशीलता के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। समग्र पर्यावरणीय प्रबंधन की अपनी खोज में, टोयोटा ग्लोबल एनवायरनमेंटल चैलेंज 2050 (टीईसी 2050) की घोषणा 2015 में की गई थी।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 12 फरवरी 2025

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संत रविदास जयंती की दी शुभकामनाएं

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संत रविदास जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि संत रविदास जी ने समाज में समता, एकता और भाईचारे के सिद्धांतों को प्रतिष्ठित किया। उनके उपदेशों ने मानवता की सेवा और सामाजिक समानता का संदेश दिया। संत रविदास जी ने अपने आध्यात्मिक संदेशों के माध्यम से जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक असमानता का विरोध किया और प्रेम, करुणा तथा परोपकार को जीवन का आधार बनाने पर बल दिया। संत रविदास जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे।



## मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने किया मतदान




**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने रायपुर नगर निगम के महापौर एवं वार्ड पार्षद निर्वाचन के लिए देवेंद्र नगर रायपुर स्थित मतदान केंद्र में सपरिवार मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने किया मतदान




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने आज सपरिवार रायपुर नगर निगम के महापौर एवं वार्ड पार्षद निर्वाचन के लिए प्राथमिक शाला पुरैना मतदान केंद्र में मतदान किया ।मतदान के बाद उन्होंने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की।

## सचिव पी. दयानंद ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग




**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद ने आज रायपुर नगर निगम महापौर एवं वार्ड पार्षद निर्वाचन के लिए देवेंद्र नगर स्थित मतदान केंद्र में सपरिवार पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की भागीदारी पर निर्भर करती है, और प्रत्येक मतदाता का वोट क्षेत्र के विकास की दिशा तय करता है।

## सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने सपरिवार किया मतदान




**रायपुर (विश्व परिवार)।** सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने नगरीय निकाय चुनाव में सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गार्गी परदेशी और उनकी सुपुत्री कु.यशस्विनी परदेशी ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कु. यशस्विनी ने आज पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लोकतंत्र में भागीदारी निभाने अनुभव काफी गर्व भरा और उत्साहजनक रहा।

## लोक निर्माण विभाग सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने किया मतदान




**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत् आज नगर पालिका निगम के महापौर और पार्षद के निर्वाचन के लिए देवेन्द्र नगर में सामुदायिक भवन में बनाये गये मतदान केंद्र क्रमांक 424 में लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया।

## अविनाश चंपावत ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**रायपुर।** प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्री अविनाश चंपावत ने आज रायपुर नगर निगम के महापौर एवं वार्ड पार्षद निर्वाचन के लिए देवेंद्र नगर ऑफिसर कॉलोनी के मतदान केंद्र में मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की।

# वोटिंग के बीच भी कम नहीं हुआ ऑटो एक्सपो का उत्साह, देर शाम दिखी रौनक और अच्छी बुकिंग भी हुई

### टीवीएस अपाचे आरआर 310 की हुई लांचिंग




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान के पश्चात देर शाम मंगलवार को भी काफी संख्या में व्हीकल्स बायर्स ऑटो एक्सपो पहुंचे। पिछले एक्सपो की तुलना में वाहनों की बिक्री अब तक डबल से ज्यादा हो जाने से उत्साह और बढ़ा हुआ है। बचे दिनो में अधिकाधिक बिक्री का लक्ष्य लेकर डीलर्स जुट गए हैं। आज ऑटो एक्सपो में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गेस्ट के तौर पर पहुंचे। आयोजन की सफलता के लिए उन्होंने राडा मेंबर्स को बधाई दी। बीते कल में भी (10 फरवरी) को 805 वाहनों की बिक्री हुई जिसे मिलाकर अब तक एक्सपो में कुल 21,117 वाहनों की बिक्री हो चुकी है। टीवीएस अपाचे आरआर 310 की लॉचिंग की गई जो कि अपने सेग्मेंट में बेहद पसंदीदा माना जा रहा है।

**मतदान करने में दिखाई रूचि..पहले कैम्पेन भी किया था :** राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि जैसे कि मालूम हो राडा ने ऑटो एक्सपो के बीच एक दिन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया था और आम मतदाताओं से नगरीय निकाय चुनाव के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की थी और स्वंय से भी शपथ लिया था अनिवार्य मतदान का। इसका सभी ने आज पालन किया.सभी राडा मेंबर्स ने पहले खुद परिवार सहित मतदान किया फिर एक्सपो पहुंचे। वहां कार्यरत्त सभी स्टाफ को भी मतदान के लिए भेजा और एक्सपो में पहुंच रहे लोगों से भी पूछते रहे कि आपने मतदान किया न ..? इस प्रकार अपनी नैतिक जिम्मेदारी का राडा मेंबर्स ने बखूबी निर्वहन किया।

**टीवीएस अपाचे आरआर 310 की हुई लॉचिंग :** टीवीएस मोटर्स की ओर से प्रीमियम बाइक सेगमेंट में टीवीएस अपाचे आरआर 310 लांच किया गया। नए वर्जन में ट्रांसपेरेंट क्लच कवर और नए एयरो विंगलेट दिए गए हैं। इसमें कंपनी की ओर से कई बेहतरीन फीचर्स को ऑफर किया गया है। इसमें हीटेड और कूल्ड सीट, क्रूज कंट्रोल, बाई-डायरेक्शनल क्विक शिफ्टर, ट्रैक्शन कंट्रोल, विली कंट्रोल, कॉर्नरिंग एबीएस, नए ब्लैक्ड आउट एग्जॉस्ट, पांच इंच मल्टी इंफोरमेशन कम्प्यूटर, नेविगेशन सिस्टम, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, स्मार्ट एक्स कनेक्ट, मल्टी वे कनेक्टिविटी, चार राइडिंग मोड्स दिया गया है। साथ ही बाइक को नए रंग और ग्राफिक्स के साथ बेहतर बनाया गया है। बाइक में मिलने वाले एयरो विंगलेट के जरिए ज्यादा बेहतर स्टेबिलिटी और कंट्रोल को देने की भी कोशिश की गई है। एलईडी हेडलाइट सेटअप, डीआरएल और स्लीक टर्न इंडिकेटर्स के साथ जोड़ा गया है। इसके किनारे पर बेहतर ग्राफिक्स हैं जो इसे अपने सेगमेंट में अधिक आकर्षक बनाते हैं। मॉडल में पारदर्शी वाइज़र भी मिलता है, जो ओडोमीटर को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। बाइक में कंपनी की ओर से 312.2 सीसी के सिंगल सिलेंडर लिक्विड कूल्ड इंजन का उपयोग किया गया है। जिससे इसे 38 पीएस की पावर और 29 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलेगा। इसके साथ छह स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है जिसके साथ स्टैंडर्ड तौर पर स्लिपर और असिस्ट क्लच दिया गया है।

**सेफ्टी फीचर्स से पसंद किए जा रहे हैं कर्व कूप :** टाटा कंपनी की कर्व कूप कार भी ऑटो एक्सपो में कस्टमर के बीच पसंदीदा बनकर सामने आई है। इसके आईसीई और इलेक्ट्रिक दोनों ही ब्रांड काफी पसंद किए जा रहे हैं। आकर्षक लुक, दमदार इंजन और डिजाइन के साथ माइलेज भी बहुंत शानदार है। इसकी बाडी स्पोर्ट्स कार की तरह है। जो मिड साइज एसयूव्ही में इसे अच्छी लुक देती है। इसकी एयरोमाडिक बेहद ही अलग है। इसका इंजन पीक टार्क जनरेट करने में सक्षम है। सारे फीचर्स सेफ्टी है। उस लिहाज से आम कार कस्टमर के लिए यह बजट में भी है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल-भाडा आय में कीर्तिमान स्थापित किया




**बिलासपुर/रायपुर (विश्व परिवार)।** देश की आर्थिक प्रगति में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। अपनी स्थापना के बाद से ही देश में औद्योगिक संरचना एवं उनके विकास के लिए कच्चे माल, अयस्कों एवं तापघरों के लिए कोयला पहुचाने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर रूप से कार्यरत है, ताकि देश में औद्योगिक उत्पादन सुचारु रूप से चलता रहे एवं जनमानस को भी आवश्यकता की पूर्ति हो सके।

उल्लेखनीय है कि पूरे देश के पावरहाऊस, उद्योगों / कारखानों को कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, उर्वरक, मैंगनीज इत्यादि सामाग्री पहुचाने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में सिर्फ 316 दिनों (10.02.2025 तक) में ही 25000 करोड से अधिक आय मालभाडा से अर्जित कर कीर्तिमान कर अपने पहले स्थान को कायम रखा। पिछले तीन लगातार वित्तीय वर्षो से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 25000 करोड से अधिक की मालभाडा आय अर्जित करने वाला रेलवे है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 19 दिन पहले और 2022-23 की तुलना में 31 दिन पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर ली है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के समान अवधि की तुलना में 6.76 प्रतिशत अधिक है, जो कि अन्य रेलवे की तुलना में रू.1587 करोड के वृद्धि के साथ सर्वाधिक वृद्धि करने वाला रेलवे है।

पूरे भारतीय रेलवे के मालभाडा आय में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का योगदान 17.20 प्रतिशत योगदान है। देश के औद्योगिक विकास में योगदान देते हुए, महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन में दक्षिण पूर्ण मध्य रेलवे द्वारा माल लदान के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा माल लदान में नए कीर्तिमान को जल्द ही हासिल कर ली जाएगी।

महाप्रबंधक ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए समस्त रेलकर्मियों के प्रयासों की सराहना की है।

# मध्यप्रदेश के MPIDC ने छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 में किया आमंत्रित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दिनांक 8 फरवरी 2025 को कोर्ट यार्ड मैरिट होटल में आयोजित सेमिनार मे मध्य प्रदेश के MPIDC ने छत्तीसगढ़ के उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (द्ब) के अध्यक्ष श्री अश्विनी गर्ग की उपस्थिति में समस्त छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025, भोपाल मे आयोजित मे शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। मध्यप्रदेश के औद्योगिक प्रोत्साहन पालिसी को MPIDC के जनरल मैनेजर श्री एन के शुक्ला जी विभिन्न उद्योगों को लगाने हेतु बृहद रूप से प्रस्तुत किया और उपस्थित उत्साहित उद्योगपतियों ने इन्वेस्टर इंटेंशन पत्र भरें। इस सेमिनार में उन्होंने बताया की MPIDC, Rs 1 प्रति एकड़ की दर से सोलर बेस्ड इंडस्ट्रीज को भूमि दी जा रही है। एवं सोलर जनरेशन के लिए बेहद सस्ती दरों में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर असिंचित भूमि उपलब्ध करायगी। सोलर जनरेशन के लिए काफ़ी उद्योगपतियों ने अपनी रूचि दिखाई है। छत्तीसगढ़ मे बिजली की बढ़ती दरों से उद्योग के उत्पाद बाजार मे प्रतिस्पर्धा से बाहर होते जा रहे है। अध्यक्ष अश्विनी जी ने कहा की सोलर जनरेशन के द्वारा इस विकट समस्या का निराकरण होना है, जैसा की माननीय प्रधानमंत्री मोदी के सुझाव पर सोलर की कई देश व्यापी योजनाएँ प्राथमिकता से चलायी जा रही है। किन्तु छत्तीसगढ़ मे सोलर जनरेशन हेतु भूमि की कमी होने से यहाँ के उद्योग सोलर जनरेशन आवश्कतानुसार नहीं कर पा रहे है। कैप्टिव सौर्य ऊर्जा उत्पादन उद्योगों की आवश्यकता बन गई है एवं किसी भी पॉवर इंटेंसिव उद्योग के लिए सौर्य ऊर्जा के अभाव में आर्थिक व्यवहार्यता स्थापित करना मुश्किल है। इस विषमता के स्तिथी में MPIDC का यह आमंत्रण एक संजीवीनी का काम करेंगी।इससे छत्तीसगढ़ में सोलर के लिए,भूमि की कमी झेल रहे उद्योगों को बढ़ती बिजली की दरों से काफी राहत मिलेगी और वित्तीय संकट से झूँझ रहे उद्योग पुर्नजीवित हो सकगें।

मध्यप्रदेश की इंडस्ट्रियल पालिसी से प्रभावित उपस्थित उद्योगपतियों का समूह 24 से 25 फरवरी 2025 को भोपाल मे आयोजित समिट मे शामिल होगा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से इस सन्दर्भ मे कस्टमाईज़्ड पालिसी पर चर्चा करंगे।

# जनता ने भाजपा के पक्ष में किया मतदान, भाजपा विकास के लिए संकल्पित : किरण सिंहदेव




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने कहा है कि नगरीय निकाय के चुनावों में मतदान का प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक है और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश के सभी 10 नगर मिगमों समेत सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन से त्रस्त हो चुकी शहरी और नगरीय क्षेत्रों की जनता का आक्रोश मंगलवार को नगरीय निकायों के मतदान में व्यक्त हुआ है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने मंगलवार को नगरीय निकाय चुनाव के लिए अपना मतदान करने के बाद कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र के इस महापर्व पर सुबह से ही जिस भारी संख्या में मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुँचे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि जनता छत्तीसगढ़ को कांग्रेस मुक्त करके विकास की गंगा बहाने के लिए संकल्पित है। श्री देव ने निकाय चुनाव के मतदान में स्वस्फूर्त हिस्सा लेने के लिए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त कर कहा कि स्वस्फूर्त मतदान का प्रतिशत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश के हरेक शहर और नगर में परिवर्तन की प्रचण्ड लहर बह रही है और कांग्रेस के कुशासन और कुनीतियों से त्रस्त मतदाता कांग्रेस को उखाड़ फेंकने के निश्चय के साथ मतदान केंद्रों तक बड़ी संख्या में पहुँचे। श्री देव ने कहा कि जिस उद्देश्य के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया गया था, उन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भाजपा के पक्ष में जनता-जनार्दन ने स्वस्फूर्त भारी मतदान किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। मतदाताओं ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि छत्तीसगढ़ मूलभूत नागरिक सुविधाओं और विकास के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। प्रधानमंत्री आवास योजना हो या स्थानीय स्तर पर रोजगार की बात हो या फिर अधोसंरचना के निर्माण का विषय हो, जिन योजनाओं को भारतीय जनता पार्टी ने क्रियान्वित किया था, उन सारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने जिस प्रकार अपने इस पाँच साल के कार्यकाल में धोखाधड़ी और छलावा किया, उसे लेकर लोगों में बहुत नाराजगी है। श्री देव ने कहा कि प्रदेश के हर वर्ग के साथ धोखाधड़ी करके पूरे छत्तीसगढ़ को निराशा के गर्त में धकेलने वाली कांग्रेस की गिनती पूरी हो चुकी है औ'र आगामी 15 फरवरी को मतगणना में उसकी पुष्टि हो जाएगी।

### छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए रायपुर सांसद गंभीर

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने में स्टार्टअप्स महत्वपूर्ण : बृजमोहन अग्रवाल



**नई दिल्ली/रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और उन्हें आवश्यक वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए। उन्होंने क्रेडिट गारंटी योजना (ष्टत्नस्) और स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना (स्ढ्ढस्स्नस्) के कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान देते हुए सरकार से आग्रह किया कि इन योजनाओं की पहुंच को राज्य के उद्यमियों तक प्रभावी ढंग से बढ़ाया जाए।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने जानकारी दी कि 31 दिसंबर 2024 तक स्ढ्ढस्स्नस् के तहत छत्तीसगढ़ में 2.03 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि के साथ 18 स्टार्टअप्स का चयन किया गया है। इसके अलावा, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (ष्ठक्कढ्ढढ्ढञ्ज) द्वारा छत्तीसगढ़ में 1,736 स्टार्टअप्स को मान्यता प्रदान की गई है, जिनके माध्यम से 16,000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए गए हैं।

सांसद श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में इन योजनाओं की जागरूकता बढ़ाने और उद्यमियों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा,

हमारे राज्य के नवोद्यमियों को इन योजनाओं का पूर्ण लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों और क्षमता निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन आवश्यक है। साथ ही, स्टार्टअप्स को सतत सहयोग देने के लिए एक प्रभावी निगरानी तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए, ताकि उनकी प्रगति का मूल्यांकन किया जा सके और आवश्यक सुधार किए जा सकें।

जितिन प्रसाद ने आश्वासन दिया कि सरकार स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत विभिन्न आउटरीच और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है, जिनमें क्षमता निर्माण, इकोसिस्टम का विकास और अंतर्राष्ट्रीय संपर्क जैसी पहल शामिल हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य देशभर में स्टार्टअप्स को समर्थन देना है, जिसमें छत्तीसगढ़ भी एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, स्टार्टअप्स युवाओं के लिए न केवल रोजगार के नए अवसर खोल रहे हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने और नवाचार को बढ़ावा देने का भी मौका दे रहे हैं। सरकार द्वारा कई योजनाएं और नीतियां चलाई जा रही हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप्स के समक्ष आने वाली चुनौतियों का मूल्यांकन करे और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक रोजगार सृजन के लिए नीति-निर्माण में स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखना आवश्यक है।

# रेलवे सुरक्षा बल रायपुर मंडल द्वारा किये गये अच्छे कार्य का विवरण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 09.02.2025 को प्रभारी सीआईबी/रायपुर के नेतृत्व में सीआईबी/ रायपुर के अधिकारी एवं बल सदस्यों के द्वारा रेलवे स्टेशन/ रायपुर के प्लेटफार्म नं. 01। गेट के पास चेंकिग के दौरान समय 11.10 बजे 01 आदतन पॉकेटमार/मोबाईल चोर जिसका नाम व पता प्रीतम साहू पिता-पोषन साहू उम्र-28 वर्ष निवासी-झंडा चौक शिव मंदिर के पास चंगोराभाठा रायपुर,थाना-डी.डी.नगर जिला-रायपुर (छग) संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था। पूछताछ करने बताया कि रेलवे स्टेशन/रायपुर में कुम्भ मेला सीजन के दौरान भीड वाली गाड़ियों में यात्रियों से पॉकेटमार/ मोबाईल चोरी करने कें इरादे से स्टेशन मे घुम रहा था। इसको पकड़ कर शासकीय रेलवे पुलिस रायपुर को सुपुर्द किया गया। जहां अप.क्रमांक 19/2024 धारा 170,126, 135(3) बीएनएसएस दिनांक 09.02.2025 का मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354